


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 304

ग्वालियर, मंगलवार, 28 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## मोदी बोले- काशी के बाद छोटी काशी में बाबा भूतनाथ का आशीर्वाद लेने आया हूं



### पीएम ने हिमाचलवासियों को दी 4 बड़ी परियोजनाओं की सौगात

**मंडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिमाचल के मंडीवासियों को कई सौगाते दी। यहां के लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि काशी के बाद छोटी काशी में बाबा भूतनाथ, महामृत्युंजय जी का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। प्रदेश के सभी देवी देवताओं को नमन किया। मंडयाली में भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल से भावनात्मक रिश्ता रहा है। मोदी ने हिमाचल प्रदेश को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। हिमाचल सरकार के चार साल पूरे होने पर मंडी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पीएम मोदी पौने एक बजे मंच पर पहुंचे। मंच से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। मंच पर मात्र सात लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंच पर दोबारा पीएम मोदी का स्वागत किया। स्मृति चिन्ह के रूप में त्रिशूल भेंट किया। त्रिशूल में डमरू भी लगा है। मंडी के पड्डल मैदान में जनसभा के दौरान केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा जिस काम को मोदी ने अपने हाथ में लिया वह नामुमकिन नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी हैं तो मुमकिन हैं। अनुराग ने कहा कि उनसे विपक्ष ने पूछा कि मोदी से क्या मांगोंगे, मैंने कहा हमे मांगने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य क्षेत्र में मोदी की सरकार ने मेडिकल कालेज और एम्स दिए। मोदी ने हिमाचल आईएमएम, हाइड्रो कालेज, मेडिकल कालेज दिए। रेलवे को लेह तक ले जाने के लिए काम किया तो मोदी ने किया। अटल टनल भी मोदी सरकार ने बनाई। पीएम मोदी सुबह कांगणीधार हेलीपैड पर सेना के हेलीकाप्टर से पहुंचे। पीएम मोदी का दोपहर डेढ़ बजे तक मंडी में रुकने का कार्यक्रम है। पीएम को सुनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है, धूप खिलने के साथ-साथ पंडाल पूरी तरह से भर गया। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, प्रदेश से लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य, केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल मौजूद रहे। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार विदेश में हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यक्रम में नहीं आए। पीएम मोदी 28 हजार करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का भी आगाज किया। इस दौरान उन्होंने चार इन्वेस्टर्स के साथ संवाद भी किया। इसके अलावा सरकार की चार साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। पीएम मोदी के स्वागत में दो सौ बजंतरियों ने एक साथ पारंपरकि वाद्य यंत्र से स्वागत धुन बजाई। प्रधानमंत्री प्रदेश के लिए 11,281 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं समर्पित की। प्रधानमंत्री जिला शिमला में पब्बर नदी पर 2081.60 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 111 मेगावाट क्षमता की सावड़ा-कुड्डू जल विद्युत परियोजना को प्रदेशवासियों को समर्पित की। यह जल विद्युत परियोजना प्रतिवर्ष 386 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन करेगी, जिससे प्रदेश को 120 करोड़ रुपए वार्षिक आय होगी।

### लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने से उनको पढ़ने और करियर बनाने का पूरा समय मिलेगा : पीएम मोदी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाए जाने से उनको पढ़ाई करने और करियर बनाने के लिए समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने फैसला लिया है कि लड़कियों की भी शादी की उम्र वही हो, जो लड़कियों के लिए है। शादी की उम्र 21 साल किए जाने से लड़कियों को भी अपनी पढ़ाई जारी रखने और करियर बनाने का मौका मिलेगा। शीत सत्र में ही महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था। इस विधेयक को फिलहाल संसद की स्थायी समिति के समक्ष विचार के लिए पेश किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल होने से उन्हें पढ़ने और अपना भविष्य बनाने का समय मिलेगा। इसके बीच आप एक दूसरा मॉडल भी देख रहे होंगे जो अपना स्वार्थ देखता है। जिन राज्यों में वो सरकार चला रहे हैं उसमें प्राथमिकता ग़रीब के कल्याण की नहीं बल्कि खुद के कल्याण की हैं।% पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर विपक्षी दल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, राज्य में विकास के दो मॉडल चल रहे हैं। एक मॉडल है, सबका साथ और सबका विकास। दूसरा मॉडल है- खुद का स्वार्थ और परिवार का स्वार्थ। हिमाचल प्रदेश की सरकार पहले विकास मॉडल पर काम कर रही है और उसी के तहत उसने राज्य में विकास के कामों को आगे बढ़ाया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंडी जिले में 11,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी ने यहां रेणूका बांध

## खास खबर

### बयान देकर फंसे सिद्धू, डीएसपी ने मानहानि का नोटिस भेजकर माफी मांगने को कहा



**चंडीगढ़।** सुल्तानपुर लोधी में रैली के दौरान पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने पुलिस पर आपत्तिजनक टिपण्णी की थी। मामले में चंडीगढ़ पुलिस के डीएसपी दिलशेर सिंह चंदेल ने सिद्धू को मानहानि का नोटिस भेजकर बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। चंदेल ने अपने वकील रंजीवन सिंह के द्वारा सिद्धू को लीगल नोटिस भेजकर कहा है कि सिद्धू का बयान पुलिस की प्रतिष्ठा पर वार है, जिसके लिए सिद्धू को माफी मांगनी चाहिए। अगर सिद्धू ने अपने बयान पर बिना शर्त माफी नहीं मांगी,तब मामले को लेकर सिद्धू के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवा सकते हैं। बीते दिनों सुल्तानपुर लोधी में कांग्रेस विधायक नवतेज सिंह चीमा की रैली में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के पुलिस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सिद्धू की टिप्पणी पर चंडीगढ़ के डीएसपी दिलशेर सिंह चंदेल ने पलटवार किया था। चंदेल ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा था कि फोर्स को हटाकर घूमो, रिक्शावाला भी कहना नहीं मानेगा। हिंदुस्तान की फोर्स को शर्मशार करने के लिए सिद्धू साहब का धन्यावाद।

### सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर पर ग्रेनेड हमला

**जम्मू।** आतंकियो ंके खिलाफ सुरक्षा बलों के कड़े तेवर से बौखलाए आतंकियों ने हिट एंड रन की नीति पर काम करने के प्रयास कर रहे हैं।फिर आतंकियों ले बिजबेहाड़ा में ग्रेनेड हमला किया। इस बार आतंकियों ने सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर को निशाना बनाया, लेकिन फिलहाल इसमें किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं मिल रही है। दूसरी ओर हमले के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर सर्च आपरेशन शुरू कर दिया है। मुताबिक अनंतनाग जिला अंतर्गत पड़ने वाले बिजबेहाड़ा में सीआरपीएफ के जवान रुटीन गश्त पर थे। तभी नेशनल हाईवे पर बिजबेहाड़ा चौराहे के पास अरवानी क्रॉसिंग पर आतंकियों ने सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर पर ग्रेनेड फेंका। संयोग से इस हमले में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। माना जा रहा है कि हमला करने वाले लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट के आतंकी थे। बहरहाल, अभी कुछ स्पष्ट कहा नहीं गया है।

### पंजाब विधानसभा चुनाव के आमने-सामने होंगे पीएम मोदी और राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए वैसे सभी पार्टियों के प्रादेशिक नेताओं चरणजीत चन्नी, नवजोत सिद्धू, सुखबीर बादल, भगवंत मान आदि द्वारा लगातार रैलियां की जा रही हैं, जहां तक केंद्रीय नेताओं का सवाल है। उसमें सिर्फ आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब में एक के बाद एक दौरे किए जा रहे हैं।वहीं कांग्रेस की तरफ से 3 जनवरी को मोगा के नजदीक रखी गई रैली में शामिल होने के लिए राहुल गांधी पहुंच रहे हैं। वहीं यूपी में ज्यादा समय बिताने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी दिन पंजाब में रैली करने की चर्चा सुनने को मिल रही है। हालांकि भाजपा द्वारा इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक यह रैली होशियारपुर या फिरोजपुर के इलाकों में हो सकती है। इसके पहले सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई कैप्टन अमरिंदर सिंह व सुखदेव ढींडसा की मीटिंग के बाद भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा मिलकर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी गई है।

### हेल्थ इंडेक्स के शीर्ष पर केरल, योगी की यूपी 19वें पायदान पर

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सोमवार को हेल्थ इंडेक्स जारी किया।इसमें दक्षिणी राज्यों ने बाजी मारी है,वहीं उत्तरी राज्यों की हालत खराब है। हेल्थ इंडेक्स के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाएं देने के मामले में केरल शीर्ष पर है।दूसरे नंबर तमिलनाडु है।वहीं, सबसे आखिरी में उत्तरप्रदेश और बिहार का नंबर आता है।उत्तरप्रदेश 19वें, बिहार 18वें नंबर पर है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के मामले में छोटे राज्यो में मिजोरम पहले पायदान पर रहा, जबकि दूसरे नंबर पर त्रिपुरा और नागालैंड सबसे आखिरी पायदान पर रहा। वहीं, केंद्र शासित प्रदेशों में दादरा नगर हवेली पहले और दूसरे नंबर पर चंडीगढ़ है।हालांकि, दिल्ली 5वें नंबर पर है। नीति आयोग के मुताबिक, हेल्थ इंडेक्स के लिए 4 राउंड का सर्वे किया गया था और इसके हिसाब से स्कोरिंग की गई थी।चारों राउंड में केरल टॉप पर रहा।केरल का ओवरऑल स्कोर 82.20 रहा।

## नरोत्तम मिश्रा की चेतावनी के बाद मधुबन गाने का लिरिक्स और नाम बदलेगा सारेगामा म्यूजिक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी के 'मधुबन में राधिका नाचे' गाने पर किए गए डांस पर चेतावनी देने के बाद सारेगामा म्यूजिक ने गाने का लिरिक्स और नाम बदलने का निर्णय लिया है।



सारेगामा म्यूजिक 3 दिन के अंदर सभी जगहों से गाना हटाएगा। जिसके बाद नए लिरिक्स के साथ नया गाना लॉंच किया जाएगा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अभिनेत्री सनी लियोनी और शारिब तोशी को 3 दिन के अंदर माफी मांगने और गाना हटाने की चेतावनी दी थी। साधु संतों ने धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का आरोप लगाया था। नरोत्तम मिश्रा ने कहा अब यह मामला खत्म हो चुका है। इस तरह का वीडियो नहीं बनाए जाने चाहिए। जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे और बाद में माफी मांगनी पड़े। अभी हमने सिर्फ चेतावनी दी है, आगे कार्रवाई करेंगे। इससे पहले गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि कुछ विधर्मी लगातार हिंदू मान्यताओं को आहत कर रहे हैं। राधा हमारी मां हैं। देश में राधा के अलग-अलग मंदिर हैं। माता राधा की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि क्या शाकिब तोशी अपने धर्म पर भी इसी तरह का गाना बना सकते हैं? उल्लेखनीय है कि हाल ही में सनी लियोनी का एक गाना मधुबन रिलीज हुआ है।

## अमित शाह एक मंच से छह विधानसभा क्षेत्रों में भरेंगे जोश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं में 30 दिसंबर को एक ही मंच से जोश भरेंगे। जन विश्वास यात्रा के लिए पार्टी नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए लक्ष्य




दे दिया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह समेत संगठन के पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दी है। टिकट चाहने वालों ने भी अपने समर्थकों की भीड़ जुटाने के लिए जतन करने शुरू कर दिए हैं। जनविश्वास यात्रा 30 दिसंबर को मुरादाबाद पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान ही मुरादाबाद के बुद्धि विहार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा प्रस्तावित की गई है। मुरादाबाद के जिस मैदान से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे इसी स्थान पर पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनसभा में संबोधित कर चुके हैं। जनसभा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं। मुरादाबाद महानगर के 10 और जिले के 16 समेत सभी 26 मंडलों के पदाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय है। सभी भाजपा पार्षदों से भी भीड़ जुटाने को कहा गया है। गृह मंत्री अमित शाह का पहले रोड शो का प्लान था इसे फिलहाल रद कर दिया गया है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने जनसभा को सफल बनाने के लिए ताकत से जुटाने को कहा है।


## मध्यप्रदेश कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में ठोस कार्य कर सामने लाएगा श्रेष्ठ परिणाम: मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों को मध्यप्रदेश के लिए योजनाओं में दी गई स्वीकृतियों के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर को मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और उनके फॉलोअप की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रुप से कृषि विविधीकरण के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में ठोस कार्य कर श्रेष्ठ परिणाम सामने लाएगा।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मिलेट मिशन, खाद्य और कृषि उत्पादों के प्र-संस्करण कार्य को गति देने की योजना तैयार है। किसानों को प्राकृतिक खेती और मुख्य फसलों गेहूँ, चना, धान और सोयाबीन के अलावा चंदन की खेती और बाँस उत्पादन के लिए आवश्यक सुविधाएँ देकर प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के प्रति मध्यप्रदेश को सतत पर्याप्त यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस कार्य के लिए केंद्र सरकार से निरंतर मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट कर मध्यप्रदेश में कृषकों की आवश्यकता के अनुसार यूरिया की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की।



# आईसीसी को अब भी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जगह मिलने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति (आईसीसी) को अब भी उम्मीद है कि लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल 2028 में क्रिकेट को जगह मिल जाएगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की प्रारंभिक सूची में क्रिकेट को इन खेलों में जगह नहीं दी गयी है। इससे पहले आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिये जिन 28 खेलों की प्रारंभिक सूची जारी की थी उसमें स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइंबिंग भी शामिल रहे हैं। क्रिकेट के अलावा मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और मॉडर्न पेंटाथलॉन को भी इसमें जगह नहीं मिली है। वहीं इन खेलों के संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों को ओलंपिक 2028 में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिये कुछ मानदंडों को पूरा करने के लिये 2023 तक का समय दिया गया है।

इस प्रारंभिक सूची को अगले साल फरवरी में बीजिंग में आईओसी बैठक में मंजूरी के लिये रखा जाएगा जो कि केवल औपचारिक होने की संभावना है। मेजबान शहर लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में शामिल करने के लिये 2023 में अतिरिक्त खेलों का प्रस्ताव भी रख सकता है और आईसीसी को उम्मीद है कि इनमें क्रिकेट भी शामिल होगा। बेसबॉल, साफ्टबॉल और अमेरिकी फुटबॉल का एक अन्य प्रकार ओलंपिक 2028 में अतिरिक्त खेल के लिये दौड़ में शामिल हो सकते हैं। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा,मेजबान शहर द्वारा अतिरिक्त खेलों के चयन की प्रक्रिया अगले साल 2023 से शुरू हो जाएगी और हमें उम्मीद है कि क्रिकेट भी इसमें शामिल रहेगा हालांकि हम जानते हैं कि यह आसान नहीं रहेगा। इससे पहले आईसीसी ने कहा था कि अगस्त में लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिये अपने इरादे जाहिर किया थे और कहा था कि बीसीसीआई का भी उसे समर्थन हासिल था। आईसीसी ने इसके लिये ओलंपिक कार्यकारी समूह भी गठित किया था।

## जरुरत से ज्यादा रक्षात्मक रुख अपना रहे स्टोक्स सहित इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी : पोंटिंग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान रिकी पोंटिंग ने इंग्लैंड की एशेज सीरीज में खराब बल्लेबाजी को लेकर कहा है कि उसके खिलाड़ी डरे हुए नजर आ रहे हैं और जरुरत से ज्यादा रक्षात्मक रुख अपनाये हुए हैं। यहां तक कि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स में भी अब उस प्रकार की आक्रमकता नहीं दिख रही है जिसके लिए वह जाने जाते हैं। पोंटिंग का मानना है कि स्टोक्स में वह आक्रामकता नजर नहीं आ रही जिससे विरोधी टीमें भयभीत रहती थी और मौजूदा एशेज सीरीज में वह भी रक्षात्मक नजर आये हैं। पोंटिंग ने कहा, 'वह अति रक्षात्मक खेल रहा है। वह स्टोक्स दिख ही नहीं रहा जिसकी आक्रामक से विरोधी टीमें दबाव में आ जाती थीं। उन्होंने कहा, 'इसका एक कारण यह नजर आ रहा है कि एक तो बल्लेबाजी के लिए हालात अनुकूल नहीं है और दूसरा उसका सामना सबसे अच्छे गेंदबाजों से हो रहा है। पोंटिंग ने कहा कि स्टोक्स को इंग्लैंड को संकट से निकालने के लिए पारंपरिक रवैये को छोड़कर आक्रामक रुख अपनाना होगा। उन्होंने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि आप हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठ सकते। ऐसे में तो ये गेंदबाज दबाव बनाते जाएंगे। जब मैं खेलता था तब टीम में हम अक्सर कहते थे कि जितना अच्छा गेंदबाज होगा, उतना ही ज्यादा जोखिम भी बल्लेबाज को लेना होगा क्योंकि कोई खराब गेंद नहीं मिलने वाली। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से भी स्टोक्स पर दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'पांचवें नंबर पर उतरने के कारण उसे पता है कि उसका रन बनाना कितना जरूरी है। इसीलिए वह अतिरिक्त प्रयास कर रहा है पर उससे कमजोर तकनीक वाले बल्लेबाजों को उससे ऊपर बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजन चाहिये क्योंकि वह तकनीकी रुप से सक्षम बल्लेबाज है।

# विराट को सीमित ओवरों की कप्तानी से हटाये जाने का लाभ मिलेगा: शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अब कहा है कि विराट कोहली को एकदिवसीय कप्तानी से हटाये जाने से लाभ ही होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में टेस्ट सीमित ओवरों के लिए अलग-अलग कप्तान बनाये हैं। विराट को जहां टेस्ट की कमान दी है, वहीं एकदिवसीय और टी20 की कप्तानी रोहित शर्मा को मिली है। भारतीय टीम अभी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है जहां टेस्ट सीरीज में विराट कप्तानी कर रहे हैं। इसके बाद एकदिवसीय सीरीज में रोहित कप्तानी करेंगे।

शास्त्री के अनुसार टेस्ट और एकदिवसीय टीम के अलग-अलग कप्तान होना सही है। यह एक तरह से विराट और रोहित के लिए आपदा में अवसर जैसा साबित होगा। इसका कारण यह है कि कोरोना से पैदा हुए बायोबबल के हालात में एक ही व्यक्ति के लिए तीनों फॉर्मेट में टीम की कप्तानी संभालना आसान नहीं है। साथ ही कहा कि एकदिवसीय कप्तानी से हटने के बाद अब विराट टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान दे सकते हैं। इससे वह अपनी बल्लेबाजी में पहले वाली लय भी हासिल कर सकते हैं। पिछले एक साल से वह उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये हैं। अभी भी उनमें 5-6 साल का क्रिकेट बचा है। जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। शास्त्री ने कहा कि इस मामले में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को भी अपनी बात रखनी चाहिए। साथ ही कहा कि अगर बातचीत सही तरीके से की जाती तो इस मामले को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। इससे पहले गांगुली ने कहा था कि विराट को टी20 कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा गया था पर वह नहीं थे।

## इंग्लैंड के दल में संक्रमण का मामला मिला

**मेलबर्न।** तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन का खेल मेहमान टीम इंग्लैंड के दल में कोरोना संक्रमण की आशंका के देर से शुरु हुआ। इंग्लैंड के दल में संक्रमण की आशंका जतायी गयी थी। वहीं इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ट्वीट किया, 'हमारे खिलाड़ियों को जांच के बाद खेलने की अनुमति मिल गई है हालांकि इस कारण खेल करीब आधे घंटे देर से शुरु हुआ। इससे पहले इंग्लैंड क्रिकेट ने अपने एक ट्वीट में कहा, ' टीम और प्रबंधन इस समय टीम होटल में आरएफटी कोरोना जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि टीम के परिजनों में से एक व्यक्ति संक्रमित पाया गया था। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसके बाद दिये अपने एक बयान में कहा, 'सीए को बताया गया है कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ के दो सदस्यों के साथ ही उनके परिजनों में से दो सदस्य कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। साथ ही कहा कि संक्रमित पाये गये लोगों के करीबियों को पृथकवास में रखा गया हैं।

# 2022 टी20 विश्व कप में धवन, अय्यर जैसे खिलाड़ियों की हो सकती है वापसी

**मुम्बई।** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को अवसर दे सकती है। इस बार दुबई में हुए टी20 विश्व में इन्हें शामिल नहीं किये जाने पर सवाल उठे थे हालांकि इन खिलाड़ियों का आईपीएल सहित श्रीलंका दौरे में भी अच्छा प्रदर्शन रहा था।

ये खिलाड़ी हैं। शिखर धवन- शिखर धवन आईसीसी टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं हालांकि, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को टी20 विश्व कप 2021 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। कई प्रशंसकों का मानना है कि धवन ने जिस प्रकार से श्रीलंका में टीम का नेतृत्व किया था और इसके बाद आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उसे देखते हुए उन्हें विश्व कप के लिए जगह मिलनी चाहिये थी। टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की खराब शुरुआत के बाद धवन शामिल नहीं किये जाने पर सवाल उठे थे। युजवेंद्र चहल- लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को आईसीसी टी 20 विश्व कप 2021 के लिए शामिल नहीं किया गया था जबकि टी20 में वह सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। इसके बाद भी चयनकर्ताओं ने उनकी जगह राहुल चाहर को लिया। जिसपर प्रशंसकों के साथ ही दिग्गज खिलाड़ियों ने भी सवाल उठाये। ऐसे में जिस प्रकार चहल की न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वापसी हुई है उससे माना जा रहा है कि अगली बार उन्हें जरुर टीम में जगह मिलेगी।

टी नटराजन- टी नटराजन जैसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी विश्व कप में महसूस की गयी। ऐसे में गत वर्ष ऑस्ट्रेलिया में बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए नटराजन को भारतीय टी20 विश्व कप 2022 टीम में जगह मिल सकती है। श्रेयस अय्यर- बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इस बार टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए जगह नहीं मिली थी पर अगली बार उन्हें जगह मिलने की बेहद संभावना है। अय्यर एक अच्छे बल्लेबाज हैं और वह लंबी पारी खेलने में सक्षम है।

## लैपटॉप का सही उपयोग न करना बढ़ा सकता है कई परेशानियां

**नई दिल्ली।** अगर आप दिन भर अपना सारा समय और यहां तक कि खाली समय भी लैपटॉप पर काम करते हुए बिताते हैं? तो डॉक्टरों ने इसके घातक परिणाम होने की चेतावनी दी है। ऐसा माना जाता है कि कम आवृत्ति वाला चुंबकीय क्षेत्र जैसे कि परंपरागत कंप्यूटर मॉनीटर और लैपटॉप के बायोलॉजिकल प्रभाव होते है। जो कि विकसित होते ऊतकों को प्रभावित करती है। साथ ही इससे जन्मदोष, कैंसर कोशिकाओं की ग्रोथ जैसी समस्याएं होती है। यह न्यूरोलॉजिकल फंक्शन में भी बदलाव कर देते है। हालांकि इसकी कोई प्रमाणिकता नहीं है कि कम आवृत्ति वाले चुंबकीय क्षेत्र के विकिरण की वजह से कैंसर होता है। कुछ वैज्ञानिकों को संदेह है कि यह टी-लिंफोसाइट को सही करने की क्षमता को बिगाड़ देता है, जो कि कैंसर से लड़ने में सहायक होती है। हालांकि डॉक्टरों ने इस बात को खारिज किया है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि रोजमर्रा लैपटॉप इस्तेमाल करने वालों पर इसका बायोलॉजिकल प्रभाव पड़ता है। स्क्रीन से एक बांह की दूरी रखें। ऐसे में अगर आपको मॉनिटर देखने में दिक्कत आ रही है, तो टेक्स्ट साइज बढ़ाएं। इसके अलावा मॉनिटर के किनारों और पीछे से चार फीट की दूरी रखें। जिससे विद्युत चुंबकीय तरंगों का प्रभाव ज्यादा नहीं पड़ेगा। अगर आप गर्भवती है या गर्भधारण करने की कोशिश कर रही है तो कुछ सावधानियां बरते। कंप्यूटर पर कम समय व्यतीत करें और जहां तक संभव हो लैपटॉप को अपनी गोद में न रखें। लैपटॉप में काम करने के दौरान आपके हाथों को पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। ज्यादा टाइपिंग करने की वजह से मीडिएन नर्व में रेपिटेटिव स्ट्रेस इंजरी (आरएसआई) हो जाती है जिससे 'कारपल टनल सिंड्रोम' हो सकता है। इसकी वजह से अंगुलियों में दर्द और कंपन होता है। इससे अंगुलियों में सुन्न, दर्द, हाथ की मजबूती में कमी, किसी वस्तु को पकड़ने में दिक्कत और कई अन्य मोटर स्किल को करने में परेशानी होती

# सोना महंगा हुआ और चांदी में आई गिरावट



**मुंबई।** वैश्विक बाजार में सोना और चांदी की कीमत में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। 27 दिसंबर सोमवार को सोने की कीमत में तेजी का माहौल बना हुआ है। जबकि चांदी की कीमत में गिरावट देखने को मिल रही है। विदेशी बाजारों में सोना और चांदी का बाजार क्रिस्मस की छुट्टियों के बाद खुला है तो स्पॉट गोल्ड और वायदा बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं चांदी में भी गिरावट का माहौल बना हुआ है। जानकारों की मानें तो बाजार भले ही खुले हों, लेकिन निवेशक फेस्टिव मोड में है। क्रिस्मस के बाद न्यू ईयर का माहौल बना हुआ है। जिसकी वजह से कीमती धातुओं में गिरावट का माहौल बना हुआ है। भारत के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी इंडेक्स पर सोने की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। सोना 109 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी के साथ 48228 रुपए प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है। सोना 48119 रुपए प्रति दस ग्राम पर खुला था और एक घंटे के कारोबार में सोना 48248 रुपए प्रति दस ग्राम के साथ दिन के उच्च स्तर पर भी आया। गौरतलब है कि शुक्रवार को सोना 48119 रुपए प्रति दस ग्राम के साथ बंद हुआ था। वहीं दूसरी ओर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी में गिरावट देखने को मिल रही है। सुबह चांदी 200 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 62,097 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। वहीं शुक्रवार को चांदी 62,298 रुपए प्रति किलोग्राम के साथ पर बंद हुई थी। न्यूयॉर्क के कॉमेक्स बाजार में सोने की कीमत 1.7व0 डॉलर प्रति ओंस की गिरावट के साथ 1810 डॉलर प्रति ओंस पर कारोबार कर रहा है। जबकि स्पॉट गोल्ड 8.48 डॉलर प्रति ओंस की गिरावट के साथ 1808.45 डॉलर प्रति ओंस पर कारोबार कर रहा है। कॉमेक्स पर चांदी के दाम में 0.63 फीसदी की गिरावट देखने को मिल रही है, जिसके बाद दाम 22.80 डॉलर प्रति ओंस पर कारोबार कर रही है। जबकि सिल्वर स्पॉट के प्राइस में 1.10 फीसदी की गिरावट है और दाम 22.77 डॉलर प्रति ओंस हो गए हैं।

## चीन के पांच उत्पादों पर सरकार ने लगाई एंटी डंपिंग ड्यूटी

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और स्थानीय विनिर्माताओं को सस्ते आयात से बचाने के लिए पांच चीनी सामानों पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क यानी एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगा दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने इस संबंध में अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। इसके तहत एल्यूमीनियम के कुछ फ्लैट रोल्ड उत्पादों, सोडियम हाइड्रोसल्फाइट, सिलिकान सीलेंट, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन कंपोनेंट आर-32 और हाइड्रोफ्लोरोकार्बन मिश्रण पर शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डायरेक्टोरेट जनरल आफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद लगाए गए हैं। डीजीटीआर ने अलग-अलग जांच में पाया है कि इन उत्पादों को भारतीय बाजारों में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर निर्यात किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप डंपिंग हुई है। डीजीटीआर ने कहा कि डंपिंग से घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है।

## वन-टू-वन

### आईपीएल के 2022 वें सत्र में मार्गदर्शक के रुप में नजर आयेंगे हरभजन



**मुम्बई।** क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद अब पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की एक बड़ी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ सकते हैं। यह भूमिका सलाहकार, मार्गदर्शक या सलाहकार समूह का हिस्सा बनने की हो सकती है हालांकि वह जिस फ्रेंचाइजी से बात कर रहा है वह उसके अनुभव का इस्तेमाल करना चाहती है। वह नीलामी में खिलाड़ियों को चुनने में भी फ्रेंचाइजी की मदद करने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। हरभजन ने हमेशा खिलाड़ियों को निखारने में रुचि दिखाई है और एक दशक तक मुंबई इंडियन्स से जुड़े रहने के दौरान बाद के वर्षों में टीम के साथ उनकी यही भूमिका थी। गौरतलब है कि पिछले साल केकेआर के साथ जुड़े रहने के दौरान हरभजन ने वरूण चक्रवर्ती का मार्गदर्शन करने में काफी समय बिताया। आईपीएल के पिछले सत्र की खोज रहे वेंकटेश अय्यर ने इससे पहले खुलासा किया था कि हरभजन ने केकेआर की ओर से उनके एक भी मैच नहीं खेलने से पहले कुछ नेट सत्र के बाद कहा था कि वह लीग में सफल रहेंगे।

### कोरोना संक्रमण के कारण मेलबर्न में ही खेला जाये चौथा टेस्ट : वॉन

**मेलबर्न।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से कहा है कि कोरोना संक्रमण के बढ़त खतरे को देखते हुए सिडनी में होने वाला चौथा टेस्ट मैच भी मेलबर्न में ही होना चाहिए। वान ने कहा है कि जिस प्रकार इंग्लैंड दल में दो संक्रमित पाये गये हैं उसको देखते हुए यह जरुरी हो गया है। कोरोना संक्रमण के कारण तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल भी आधा घंटे विलंब से शुरू हुआ। वॉन ने कहा, 'मुझे लगता है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को इस मामले में सक्रिय होकर काम करना चाहिये। यह कठिन समय है। अगला टेस्ट भी एमसीजी पर ही खेला जा सकता है जिससे हम सभी विक्टोरिया में ही रहें। यहां के कोविड प्रोटोकॉल सिडनी से अलग हैं। उन्होंने कहा, ' जिस प्रकार संक्रमण बढ़ा है उससे दोनों टीमों, प्रसारण और उत्पादन टीमों को सिडनी भेजने का खतरा उठाना सही नहीं रहेगा। सिडनी में पहले ही दिन एक भी मामला आ गया तो टेस्ट रद्द हो जाएगा ओर यह नुकसानदेह ही रहेगा।

### सेबी से कैम्पस एक्टिववियर ने मांगी आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स और एथलेटिक फुटवियर कंपनी कैम्पस एक्टिववियर ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी से अनुमति मांगी है। सेबी के समक्ष दाखिल विवरण पुस्तिका के अनुसार, इस आईपीओ में पूरी तरह से कंपनी के प्रवर्तकों एवं वर्तमान शेयरधारकों के पास मौजूद 5.1 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। ओएफएस में बिक्री की पेशकश करने वालों में प्रवर्तक हरि कृष्ण अग्रवाल और निखिल अग्रवाल के अलावा टीपीजी ग्रोथ-3 एसएफ पीटीई लिमिटेड और क्यूआरजी एंटरप्राइजेज लिमिटेड जैसे निवेशक शामिल हैं। फिलहाल कंपनी में प्रवर्तकों की 78.21 फीसदी हिस्सेदारी है, टीपीजी ग्रोथ और क्यूआरजी एंटरप्राइजेज की हिस्सेदारी क्रमश- 17.19 फीसदी और 3.86 फीसदी है। कैम्पस एक्टिववियर ने 2005 में कैंपस ब्रांड पेश किया था।

### नए साल में कर सकेंगे 1,122 रुपए में हवाई सफर



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट की वीओवी विंटर सेल सोमवार 27 दिसंबर से शुरू हो चुकी है जो 31 दिसंबर तक चलेगी। इसके तहत यात्रियों को केवल 1,122 रुपए में घरेलू हवाई यात्रा का मौका मिल रहा है। यह ऑफर 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक की यात्रा के लिए है। कंपनी के मुताबिक यह सेल ऑफर यात्रा की तिथि से कम से कम 15 दिन पहले की गई बुकिंग के लिए वैलिड है। अगर आप अपने यात्रा की योजना बनाते हैं तो सेल फेयर बुकिंग्स पर एक बार मुफ्त में तारीख बदलवा सकते हैं लेकिन इसके लिए कम से कम दो दिन पहले प्र?क्रिया करनी होगी। स्पाइसजेट साथ ही अगली यात्रा पर 500 रुपए का फ्री फ्लाइट वाउचर भी दे रही है। इसे 15 से 31 जनवरी की अवधि के दौरान भुनाया जा सकता है। यह 30 सितंबर, 2022 तक की यात्रा अवधि के लिए वैध है, लेकिन इसका लाभ लेने के लिए डिपार्चर डेट से कम से कम 15 दिन पहले बुकिंग करनी होगी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी और विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने के चलते भारतीय मुद्रा सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 75.16 पर आ गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कोरोना वायरस के वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर बढ़ती चिंताओं के साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती से रुपए की चाल प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 75.15 पर कमजोर खुला और फिर शुरुआती सौदों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.16 तक गिर गया।






# नगर निगम ने प्लाग रन स्वच्छता महोत्सव कार्यशाला का किया आयोजन

### शहर वासियों ने शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए किया श्रमदान, लिया संकल्प




**मुरैना।** मध्य प्रदेश शासन नगरी प्रशासन विकास विभाग द्वारा प्रदेश भर प्लाग रन स्वच्छता परिणाम उत्सव का आयोजन 25 दिसंबर को पूरे मध्यप्रदेश में किया गया, जिसके क्रम में नगर निगम मुरैना द्वारा प्लाग़ स्वच्छता प्रेरणा महोत्सव कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुरैना नगर निगम द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता, नगर निगम आयुक्त संजीव कुमार जैन, शहर के गणमान्य नागरिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्लाग रन को रवाना किया गया, जो कि एमएस रोड, हनुमान चौराहा, जीवाजी गंज से होते हुए कार्यक्रम स्थल टाउन हॉल पर समाप्त हुई। तत्पश्चात स्वछता प्रेरणा महोत्सव कार्यशाला का शुभारंभ अथितियों द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर अतिथि द्वारा सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुरैना ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 74वा नंबर पूरे देश में रहा, पूरे सौ नंबरों की मुरैना ने उछाल लगाई और बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। नगर निगम के पूर्व महापौर अशोक अर्गल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर का प्रत्येक व्यक्ति घर से निकलने वाले कचरे को सड़कों पर ना फेंके तो शहर और भी साफ सुथरा और सुंदर रह सकता है। जनता को भी शहर को साफ सुंदर रखने में सहयोग करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुरैना स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, जिसके परिणाम हमको शहर में देखने को मिल रहे हैं। नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि शहर दिन प्रतिदिन स्वच्छता में अच्छा काम कर रहा है और अब शहर में सफाई धरातल पर दिखने लगी है। शहर के नागरिकों से मंच के माध्यम से अपील करते हुए निगमायुक्त संजीव जैन ने कहा कि वह भी शहर को साफ सुंदर स्वच्छ बनाने में पूरी मदद करें और घर का कचरा डोर टू डोर वाहनों में ही डालें, जिससे कि शहर साफ सुंदर स्वच्छ बना रहे। इस दौरान एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, समाजसेवीगण, रोटरी क्लब, व्यापार मंडल, नेकी की दीवार आदि सामाजिक संस्थाओं ने भी कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए वचन दिया कि हम सदैव स्वच्छता के क्षेत्र में तत्पर है और मुरैना शहर को साफ सुंदर स्वच्छ बनाने में हम से जो भी सहयोग होगा हम करेंगे। कार्यक्रम में भोपाल की कल्पतरु संस्था की टीम लीडर सोनाली त्रिपाठी ने मंच के माध्यम से कहा कि शहर को साफ -स्वच्छ व सुंदर बनाने में हमें पूरा सहयोग मुरैना शहर के नागरिकों से मिल रहा है। आज शहर के नागरिकों के सहयोग से ही मुरैना नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में 74 वे पायदान पर आ पाया है और मुझे ऐसा विश्वास है कि आगे भी शहर के नागरिकों का ऐसा ही सहयोग मिला तो मुरैना स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में पहले पायदान पर होगा। कार्यक्रम में नगर निगम सहायक आयुक्त सोनाली नरेडा, जिला शहरी परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टैगोर, केशव सिंह, विजय धोलकर, हरेंद्र, कुंज बिहारी शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सहायक यंत्री केके शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, अमरनाथ व्यास आदि कर्मचारी अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में मौके पर मौजूद सभी को स्वच्छता की शपथ कार्यक्रम का संचालन कर रही शिल्पी जैन द्वारा दिलाई गई।



## जैन समाज ने भक्तांबर महापाठ का आयोजन कर की जगत कल्याण की कामना

**अंबाह।** नगर में विराजमान जैन संत ज्ञेय सागर जी महाराज, ज्ञात सागर जी महाराज, आर्षमती माताजी, अमोधमती माताजी के सानिध्य में सोमवार को विश्वशांति जगत कल्याण एवं विश्व से कोरोना के खात्मे की कामना को लेकर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर परेड चौराहा पर श्री भक्तांबर महामंडल विधान का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोगों ने उपस्थित होकर, भगवान श्री आदिनाथ से जगत कल्याण, विश्व शांति एवं व्याधियों से मुक्ति की कामना की। यह विधान सुबह प्रारंभ हुआ। इस दौरान आर्षमती माताजी के द्वारा 48 काव्य के भक्तामर महामंडल विधान एवं पाठ का भक्ति भाव से वाचन किया गया। संतों के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा पूजन का कार्यक्रम हुआ। भक्तामर महामंडल विधान का शुभारंभ भगवान आदिनाथ के स्मरण के साथ हुआ, जिसमे संतो ने विधान की पूजा कराई।

## बिकलांग बल ने बच्चू सिंह जन्म शाताब्दी वर्ष पर बनाए 7 नवीन सदस्य

**मुरैना।** विकलांग बल के निर्देशन में विकलांग बल मध्यप्रदेश के द्वारा प्रदेश प्रभारी के ग्रह क्षेत्र मुरैना जिला मुख्यालय में वार्ड क्रमांक 28 के निवास स्थल विकलांग बल मुरैना के जिला संगठन मंत्री परसराम माहौर के प्रयास से विकलांग जनों, वृद्ध जनों व आम नागरिक जनों को विकलांग बल से जोड़ने के लिए 16 फरवरी 2021 से सदस्यता अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में 30 नवंबर 2021 से पुनः विकलांगों के आदर्श बच्चू सिंह जन्म शाताब्दी वर्ष 2022 के रुप में चलाया गया, जिसमें 7 नए सदस्यों को जोड़ा गया हैं। विकलांग बल मध्यप्रदेश सदस्यता अभियान के दौरान विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह, विकलांग बल मुरैना जिला उपाध्यक्ष पंकज सिकरवार, जिला कोषाध्यक्ष दीपक कुमार माहौर व जिला संगठन मंत्री परसराम माहौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिना निर्माण के 39 लाख रुपए डकार गए सरपंच व रोजगार सहायक

### -जांच में निकला गबन, सीईओ को भेजी रिपोर्ट, अब तक नहीं हुई कार्यवाही



**मुरैना।** जिले में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है, लेकिन कार्यवाही का अभाव बना हुआ है, जिस कारण भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है। ऐसा ही एक प्रकरण ग्राम पंचायत विण्डवा देवगढ़ जनपद पंचायत जौरा का सामने आया है, जहां महिला सरपंच, सरपंच पति एवं रोजगार सहायक ने बिना किसी निर्माण कार्य के ही 39 लाख रुपए का गबन कर डकार लिए। जांच भी पूरी हो गई तथा गबन भी स्पष्ट हो गया, लेकिन जिला सीईओ द्वारा अभी तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। विष्णु व्यास निवासी विण्डव देवगढ़ ने मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, पंचायत सचिव मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर मुरैना को दिए आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत की सरपंच राजाबेटी, सरपंच पति परमानंद एवं रोजगार सहायक श्यामसुंदर व्यास द्वारा शासन से निर्माण कार्य के लिए आए बजट का बिना किसी कार्य के आहरण कर लिया और फर्जी बिल लगाकर उसे डकार गए। उक्त लोगों ने शासन का 39 लाख 98 हजार से अधिक रुपया हजम कर लिया। इस संबंध में उनके द्वारा तीनों लोगों की शिकायत कलेक्टर मुरैना को पत्र क्रमांक 8956 दिनांक 9 फरवरी 2021, जिला कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना को पत्र क्रमांक 32 दिनांक 3 जून 2020, इससे पूर्व आयुक्त चंबल संभाग को पत्र क्रमांक 3241 दिनांक 16 जून 2020, कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा पत्र क्रमांक 324 दिनांक 10 जुलाई 2020 देकर मामले की जांच करवाई गई। जांच टीम ने पूरे मामले की जांच कर पाया की उक्त पंचायत मे गबन हुआ है और उसकी जांच पूर्ण कर जिला पंचायत सीईओ मुरैना को सौंप दी गई है, परंतु अभी तक तीनों आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विष्णु व्यास ने भोपाल के अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

## 5 बच्चों की मां फांसी पर झूली, मायके वालों ने लगाए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप



**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र के पंचमपुरा गांव में बीती रात पति की मारपीट से तंग आकर एक विवाहित 5 बच्चों की मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पति एवं उसकी भाभी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका ममता जाटव 36 वर्ष निवासी ननेरा महुआ थाना का विवाह वर्ष 2002 में मजदूरी करने वाले नाथू जाटव निवासी पंचमपुरा थाना दिमनी के साथ हुआ था और नाथू से ममता को 5 बच्चे है। कई बार नाथू ममता की मारपीट कर चुका है तथा ममता के घरवालों ने कई बार समझाईश भी दी, लेकिन रविवार को फिर से नाथू ने ममता की मारपीट कर दी और प्रताड़ित ममता ने देर रात को घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना ममता के परिजनों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची तथा लाश का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। ममता के भाई ने बताया कि ममता के शरीर पर चोट के निशान है, जिससे लगता है कि उसकी मारपीट की गई है तथा इस पूरे प्रकरण में पड़ोस में रहने वाली भाभी गुड्डी का हाथ है।

## कुएं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत, ग्रामीणों की मदद से निकाला शव



**कैलारस।** जिले की कैलारस तहसील के ग्राम गस्तोली के हार में बने सूखे कुएं में बीती रात्रि एक व्यक्ति के गिर जाने से उसकी मृत्यु हो गई। रात्रि में ग्रामीणों को पता चला तो कैलारस पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। उक्त व्यक्ति की पहचान तिलोंजरी निवासी अशोक पुरी पुत्र लखन पुरी उम्र 45 साल के रूप में हुई है। कैलारस पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है। कैलारस पुलिस ने पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

## जौरा के गिर्राज त्यागी का राष्ट्रीय मंच पर हुआ सम्मान



**मुरैना।** गत 25-26 दिसंबर को अखिल भारतीय ब्रह्म ऋषि महासंघ का दो दिवसीय अधिवेशन देवभूमि हरिद्वार में संपन्न हुआ। अधिवेशन में ब्रह्मर्षि महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिर्राज त्यागी का राष्ट्रीय मंच द्वारा सम्मान किया गया। अधिवेशन में यह सुनिश्चित किया गया कि आने वाले समय में महासंघ पूरे देश में महा सदस्यता अभियान चलाएगा, जिसमें 21 लाख लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। मैं भी ब्रह्म ऋषि स्लोगन एक कार्ड डिजिटल कार्ड के रूप में सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसी भी ब्रह्मर्षि को पूरे भारत देश में जहां भी जरूरत पड़े, वहां हमारे ब्रह्म ऋषि भाई उसका सहयोग करें। इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान करने में ब्रह्मर्षि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ उदिता त्यागी एवं उनकी समस्त टीम सराहनीय योगदान दिया। इस आयोजन में भाग लेने के लिए मुरैना चंबल की टीम 4 दर्जन लोगों के साथ सम्मिलित हुई। जिसमें एलएन त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष त्यागी महासभा, नेतराम त्यागी एडवोकेट, डायरेक्टर नानकराम त्यागी, सह संयोजक अखिल भारतीय त्यागी महासभा नेकीराम त्यागी, अध्यक्ष त्यागी भूमिहर महासंघ सुनील त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री भोगीराम त्यागी, रामस्वरूप ऑडिटर, रघुवीर त्यागी, राजेश त्यागी सभी सामाजिक बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### आरक्षण समाप्ति की मांग को लेकर सवर्ण समाज ने दिया ज्ञापन



**कैलारस।** सोमवार को कैलारस में ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों ने देश में आरक्षण प्रक्रिया को समाप्त करने को लेकर तहसीलदार को राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण समाज के लोगों ने बताया कि सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए भारत को आरक्षण मुक्त होना चाहिए व सभी वर्गों को समानता का अधिकार मिलना चाहिए। यदि किसी भी वर्ग का कोई भी छात्र मेधावी, योग्य है तो उसे आर्थिक मदद योग्यता के आधार पर मिलना चाहिए। नौकरी के लिए सभी वर्गों के छात्र व छात्राओं को योग्यता के आधार पर समान अवसर मिलना चाहिए। योग्य व मेधावी छात्रों के चयन से भारत आत्मनिर्भर बनेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में उम्मेदसिंह सिकरवार, शंकर लाल सिंघल, मथुरा प्रसाद शर्मा, गिरिराज तिवारी, घनश्याम तोमर, भानु प्रताप सिंह तोमर, ब्रजमोहन तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अंकों की तुलना से हो सकता है बच्चों के मन पर नकारात्मक प्रभाव

### बच्चों के लिए आगाज इंटर्नशिप के तहत प्रश्नपत्र प्रतियोगिता आयोजित



**अम्बाह।** आगाज इंटर्नशिप के अंतर्गत बच्चों के लिए अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक संयोगिता वर्मा, चंद्रशेखर उपाध्याय एवं भरत वर्मा के द्वारा इस प्रश्न पत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के जरिए बच्चों में ज्ञान के प्रति उत्सुकता बढ़ाना था। इस प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया एवं इस प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के पश्चात सभी बच्चों में चॉकलेट वितरण की गई। प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के उपरांत तीनों स्वयंसेवकों ने बच्चों के पालकों से यह भी आग्रह किया कि प्रश्न पत्र प्रतियोगिता में प्राप्त अंकों की चर्चा बच्चों में तुलना के रूप में ना करें। यदि प्रश्नपत्र प्रतियोगिता के अंकों से बच्चों की तुलना करते हैं तो इसका बच्चों के मस्तिष्क में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। तीनों स्वयंसेवकों ने बच्चों के पालकों को यह भी समझाया कि हम इसी तरह अगली कोई प्रतियोगिता करवाएंगे तो वह बच्चा अंकों एवं प्रतियोगिता के पश्चात होने वाले तुलना से बचने के लिए वह इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने में रुचि नहीं लेगा। अंत में सभी पालकों ने इस बात को समझा और अंको के जरिए बच्चों की तुलना करने का बहिष्कार करने का प्रण किया। जिस प्रकार ग्राम बरेह, चिरपुरा एवं बडफडा मे बच्चों के पालकों ने यह प्रण किया है।

# अंतत: शिवराज सरकार को असंवैधानिक अध्यादेश वापसी के लिए होना पड़ा बाध्य: अशोक तिवारी



**मुरैना।** मध्य प्रदेश पंचायत चुनाव 2021-22, दो साल पूर्व ही कराए जाने चाहिए थे। लेकिन कोरोना की आड़ में लोकतंत्र को मुल्तवी रखते हुए चुनाव नहीं कराए गए। बार-बार जनता की मांग, न्यायालयों के निर्देश के बाद मजबूरन भाजपा की प्रदेश सरकार, चुनाव के लिए बाध्य हुई। लेकिन संविधान को ताक पर रखकर 2014 के आरक्षण के आधार पर परिसीमन को समाप्त करने का अध्यादेश जारी कर चुनाव करने की कोशिश प्रदेश सरकार द्वारा की गई। स्वाभाविक रूप से न्यायालय में याचिकाएं दाखिल हुई। जिन पर सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा किसी तरह के स्पष्ट निर्देश देने के बजाय पिछड़े वर्ग के आरक्षण को रोककर चुनाव कराने संबंधी आदेश दिए गए। इस स्थिति के चलते जनता में भारी आक्रोश व्याप्त हुआ। साझा तौर पर विरोध कार्रवाईयां आयोजित हुई। उक्त वक्तव्य माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिए।

श्री तिवारी ने बताया कि माकपा द्वारा प्रदेश भर में न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय को याचिका आवेदन भेजे गए। साझा विरोध कार्यवाहियां हुई। जिसके चलते शिवराज सरकार को अवैधानिक रूप से संविधान को ताक पर रखकर जारी किए गए अध्यादेश को वापस लेने का निर्णय करना पड़ा। हाल ही में कैबिनेट द्वारा इस आशय का प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल को भेजा गया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के उपरांत परसीमन समाप्ति का अध्यादेश प्रभावशील हो जाएगा और चुनाव रद्द करने की कार्यवाही के लिए मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। राज्यपालों की भूमिका भी हास्यास्पद हो गई है। पूर्व में जिस परिसीमन समाप्ति के अध्यादेश को स्वीकृत करने के लिए राजपाल महोदय द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, अब उस अध्यादेश को निरस्त करने के लिए भी हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह से तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों पर राष्ट्रपति महोदय द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। वह एक वर्ष बाद फिर वापस लेने के लिए राष्ट्रपति महोदय द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह स्थिति कितनी बिड़म्बना पूर्ण और हास्यास्पद है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के कर्मियों की भूमिका में आ गए हैं। स्वःविवेक का इस्तेमाल करते हुए पुनर्विचार के लिए संविधान विरोधी काले कानूनों को वापिस करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं। संवैधानिक पदों की यह हालत संविधान को लागू करने और बचाने में कितनी सहायक होगी देखना होगा। अंततः किसान आंदोलन के चलते कृषि विरोधी कानून वापस हुए और हाल ही में जनता के विरोध और आक्रोश को देखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को मुंह की खानी पड़ी और पंचायत चुनाव को असंवैधानिक तौर पर कराने का अध्यादेश वापिस लेना पड़ा। यह जनता के साझा प्रतिरोधों का ही नतीजा है। श्री तिवारी ने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व है कि वह संविधान, लोकतंत्र को बचाने व लोकतंत्र को सुनिश्चित कराने के लिए पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के चुनावों को संवैधानिक दायरे में कराने के लिए जन विरोधी, लोकतंत्र विरोधी, संविधान विरोधी, भाजपा सरकार को बाध्य करें व आगे आएं, तभी देश बचेगा, तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा।

# ओमिक्रॉन का खतरा

कोरोना के नए वैरिएंट ओमीक्रॉन को लेकर दुनिया ही नहीं, भारत में भी चिंता बढ़ गई है। साल 2020 में एक वैश्विक वायरस ने पूरे देश को झंझोड़ कर रख दिया था। इंसान से इंसान में फैलने वाले इस वायरस ने धीरे-धीरे पूरी दुनिया में पैर पसार लिए। इसके पश्चात इस वायरस को विश्व स्वस्थ्य संगठन द्वारा महामारी के रूप में घोषित किया गया। इस एक महामारी ने हमें न सिर्फ एक कमरे में कैद होकर रहने के लिए मजबूर किया, बल्कि स्वास्थ्य सम्बंधित भ्रांतियों को भी दूर किया। जब एक वायरस की वजह से पूरे विश्व में हाहाकार मच गया, सरकार की गाइडलाइन्स में तब कोविड प्रोटोकॉल जैसा शब्द शामिल किया गया। इस महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 21 मार्च 2020 को पूरे देश में जनता कर्फ्यू लगाया गया। केंद्र और राज्य सरकारों ने इस संक्रमण की कड़ी को तोडऩे के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। वहीं कुछ महीनों बाद ही 2021 में फिर से कोरोना वायरस की दूसरी लहर ने फिर से कहर बरपा दिया। अब 2021 के अंत में एक बार फिर हमें सतर्कता बरतनी पड़ रही है, जब कोरोना वायरस के एक और नए वेरिएंट %ओमिक्रोन' ने दुनिया में चिंता की स्थिति पैदा कर दी है। जिस तीसरी लहर की संभावना पहले सितंबर में जताई गई थी, वह अब दिसंबर माह में हमारे सामने फिर एक बड़ी चुनौती बन कर तैयार खड़ी है। कोरोना के इस बदलते स्वरूप ने एक बार फिर हम सब को सतर्क कर दिया है। इस प्रतिकूल परिस्थिति में केंद्र और राज्य सरकारें भी अपनी तैयारियों में जुट गई हैं। इस महामारी से जनता को सुरक्षित करने के लिए सरकार तत्परता से हर संभव प्रयास कर रही है। जनता में ओमिक्रॉन को लेकर जिस तरह से डर पैदा हो रहा है और घबराहट की स्थिति बन रही है, उसे दूर करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगे आना पड़ा और समझाना पड़ा कि सरकार की तैयारी पूरी है, किसी को डरने की जरूरत नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार देर रात ऐलान किया कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित और हेल्थ वर्करों को कोरोना वैक्सीन की जिस प्रिकॉशनरी डोज लगाई जाएगी। अब खबर यह है कि यह प्रिकॉशनरी डोज उस वैक्सीन से अलग हो सकती है, जिसकी दोनों डोज लाभार्थी पहले ही ले चुके हैं। दरअसल, देश के कोविड टीकाकरण पर बने शीर्ष टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप में इस बात को लेकर सहमति है कि प्रिकॉशनरी डोज उस वैक्सीन से अलग होनी चाहिए, जिसकी दोनों डोज पहले ली जा चुकी है। वैक्सीन की तीसरी खुराक को बूस्टर की बजाय प्रिकॉशनरी डोज कहे जाने के पीछे एक वजह यह भी है कि सभी विकल्प खुले रहें और तीसरी खुराक किसी और वैक्सीन की भी दी जा सके। खबर के मुताबिक, इसकी प्रबल संभावना है कि प्रिकॉशनरी डोज उस वैक्सीन से अलग हो जिसकी दोनों डोज पहले ली गई हों। अगले कुछ महीनों में भारत के पास वैक्सीन के कई विकल्प होंगे। इस दौड़ में सबसे आगे हैदराबाद के बायोलॉजिकल ई की बनाई कोरबावैक्स है, जो प्रोटीन सब-यूनिट कोविड-19 वैक्सीन है। केंद्र सरकार ने कोरबावैक्स की 30 करोड़ खुराकें रिजर्व रखने के लिए पहले ही 1500 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। सूत्रों की मानें तो अगले दो हफ्तों के अंदर कोरबावैक्स को आपात स्थिति में इस्तेमाल की मंजूरी मिल सकती है। पीएम मोदी ने शनिवार को बताया कि देश में 3 जनवरी से 15 से 18 साल तक की उम्र वाले करीब 8 करोड़ बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके अलावा 10 जनवरी से हेल्थ वर्कर्स सहित करीब 3 करोड़ फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रिकॉशन डोज दी जाएगी। वहीं, 60 से अधिक आयु वाले को मॉरबिटी यानी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को भी उनके डॉक्टर की सलाह पर वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज का विकल्प दिया जाएगा।

# कांग्रेस का आजादी व देश के विकास में योगदान अहम!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**(स्थापना दिवस पर)**

कांग्रेस का स्वर्णिम इतिहास देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के साथ जुड़ा हुआ है। इसका गठन सन 1885 में हुआ, जिसका श्रेय एलन ऑक्टेवियन ह्यूम को जाता है। एलेन ओक्टेवियन ह्यूम का जन्म सन1829 को इंग्लैंड में हुआ था। वह अंग्रजी शासन की सबसे प्रतिष्ठित %बंगाल सिविल सेवा% में पास होकर सन 1849 में ब्रिटिश सरकार के एक अधिकारी बने।सन 1857 की गदर के समय वह इटावा के कलक्टर थे। लेकिन ए ओ ह्यूम ने खुद ब्रटिश सरकार के खिलाफ आवाज़ उठाई और सन1882 में पद से अवकाश ले लिया और कांग्रेस यूनियन का गठन किया। उन्हीं की अगुआई में मुंबई में पार्टी की पहली बैठक हुई थी। शुरुआती वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने ब्रिटिश सरकार के साथ मिल कर भारत की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की और इसने प्रांतीय विधायिकाओं में हिस्सा भी लिया। लेकिन सन1905 में बंगाल के विभाजन के बाद पार्टी का रुख़ कड़ा हुआ और अंग्रेज़ी हुकूमत के ख़िलाफ़ आंदोलन शुरु हए।इसी बीच महात्मा गाँधी भारत लौटे और उन्होंने ख़िलाफ़त आंदोलन शुरु किया। शुरु में बापू ही कांग्रेस के मुख्य विचारक रहे। इसको लेकर कांग्रेस में अंदरुनी मतभेद गहराए। चित्तरंजन दास, एनी बेसेंट, मोतीलाल नेहरू जैसे नेताओं ने अलग स्वराज पार्टी बना ली।साल 1929 में ऐतिहासिक लाहौर सम्मेलन में जवाहर लाल नेहरू ने पूर्ण स्वराज का नारा दिया। पहले विश्व युद्ध के बाद पार्टी में

महात्मा गाँधी की भूमिका बढ़ी, हालाँकि वो आधिकारिक तौर पर इसके अध्यक्ष नहीं बने, लेकिन कहा जाता है कि सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस से निष्कासित करने में उनकी मुख्य भूमिका थी।स्वतंत्र भारत के इतिहास में कांग्रेस सबसे मज़बूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी। महात्मा गाँधी की हत्या और सरदार पटेल के निधन के बाद जवाहरलाल नेहरु के करिश्माई नेतृत्व में पार्टी ने पहले संसदीय चुनावों में शानदार सफलता पाई और ये सिलसिला सन 1967 तक लगातार चलता रहा। पहले प्रधानमंत्री के तौर पर जवाहर लाल नेहरू ने धर्मनिरपेक्षता, आर्थिक समाजवाद और गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को सरकार का मुख्य आधार बनाया जो कांग्रेस पार्टी की पहचान बनी।नेहरू की अगुआई में सन1952, सन1957 और सन1962 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने अकेले दम पर बहुमत हासिल करने में सफलता पाई। सन1964 में जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री के हाथों में कमान सौंप गई लेकिन उनकी भी सन 1966 में ताशकंद में रहस्यमय हालात में मौत हो गई। इसके बाद पार्टी की मुख्य कतार के नेताओं में इस बात को लेकर ज़ोरदार बहस हुई कि अध्यक्ष पद किसे सौंपा जाए। आख़िरकार पंडित नेहरु की बेटी इंदिरा गांधी के नाम पर सहमति बनी।देश की आजादी के संघर्ष से जुड़े सबसे मशहूर और जाने-माने लोग इसी कांग्रेस का हिस्सा थे।गांधी-नेहरू से लेकर सरदार पटेल और राजेंद्र प्रसाद तक आजादी की लड़ाई में आम हिंदुस्तानियों की नुमाइंदगी करने वाली पार्टी ने देश को एकता के सूत्र में बांधने की कोशिश की थी।एलेन ओक्टेवियन ह्यूम सन1857 के गदर के वक्त इटावा के कलेक्टर थे। ह्यूम ने खुद ब्रटिश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और 1882 में पद से अवकाश लेकर कांग्रेस यूनियन का गठन किया। उन्हीं की अगुआई में बॉम्बे में पार्टी की पहली बैठक हुई थी. व्योमेश चंद्र बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। शुरुआती वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने ब्रिटिश सरकार के साथ मिलकर भारत की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की और इसने प्रांतीय विधायिकाओं में हिस्सा भी लिया लेकिन 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद पार्टी का रुख कड़ा हुआ और अंग्रेजी हुकूमत के खि?लाफ आंदोलन शुरू हुए।दादाभाई नौरोजी और बदरुद्दीन तैयबजी जैसे नेता कांग्रेस के साथ आ गए थे।आजादी के बाद सन1952 में देश के पहले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई। सन1977 तक देश पर केवल कांग्रेस का शासन था।लेकिन सन 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने कांग्रेस से सत्ता की कुर्सी छीन ली थी। हालांकि तीन साल



के अंदर ही सन1980 में कांग्रेस वापस गद्दी पर काबिज हो गई।सन 1989 में कांग्रेस को फिर हार का सामना करना पड़ा।दादा भाई नौरोजी 1886 और 1893 में कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। सन1887 में बदरुद्दीन तैयबजी तो सन1888 में जॉर्ज यूल कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे।सन1889 से सन1899 के बीच विलियम वेडरबर्न, फिरोज़शाह मेहता, आनंदचार्लू, अल्फ्रेड वेब, राष्ट्रगुरु सुरेंद्रनाथ बनर्जी, आगा खान के अनुयायी रहमतुल्लाह सयानी, स्वराज का विचार देने वाले वकील सी शंकरन नायर, बैरिस्टर आनंदमोहन बोस और सिविल अधिकारी रोमेशचंद्र दत्त कांग्रेस अध्यक्ष रहे।इसके बाद हिंदू समाज सुधारक सर एनजी चंदावरकर, कांग्रेस के संस्थापकों में शुमार दिनशॉ एडुलजी वाचा, बैरिस्टर लालमोहन घोष, सिविल अधिकारी एचजेएस कॉटन, गरम दल व नरम दल में पार्टी के टूटने के वक्त गोपाल कृष्ण गोखले, वकील रासबिहारी घोष, शिक्षाविद मदनमोहन मालवीय, बीएन दार, सुधारक राव बहादुर रघुनाथ नरसिम्हा मुधोलकर, नवाब सैयद मोहम्मद बहादुर, भूपेंद्र नाथ बोस, ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पहले भारतीय सदस्य बने एसपी सिन्हा, एसी मजूमदार, पहली महिला कांग्रेस अध्यक्ष एनी बेसेंट, सैयद हसन इमाम और नेहरू परिवार के मोतीलाल नेहरू सन 1900 से सन 1919 के बीच कांग्रेस अध्यक्ष रहे।सन 1915 में अफ्रीका से लौटकर भारत आए मोहनदास करमचंद गांधी का प्रभाव कांग्रेस की विचारधारा व आंदोलन तय करने में सन1920 के आसपास से साफ दिखना शुरू हो गया था।जो गांधी के जीवन के बाद तक भी बना हुआ है। सन1920 से भारत की आज़ादी अर्थात सन 1947 के बीच के युग में कांग्रेस अध्यक्ष पंजाब केसरी लाला लाजपत राय थे, जिन्होंने सन1920 के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की। स्वराज संविधान बनाने में अग्रणी रहे सी विजयराघवचारियार, जामिया मिल्लिया के संस्थापक हकीम अजमल खान, देशबंधु चितरंजन दास, मोहम्मद अली जौहर, शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आज़ाद कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। सन1924 में बेलगाम अधिवेशन की अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी और यहां से कांग्रेस के ऐतिहासिक स्वदेशी, सविनय अवज्ञा और असहयोग आंदोलनों की नींव पड़ी थी। सरोजिनी नायडू, मद्रास के एडवोकेट जनरल रहे एस श्रीनिवास अयंगर, मुख्तार अहमद अंसारी कांग्रेस अध्यक्ष रहे। गांधी के अनुयायी जवाहरलाल नेहरू सन 1929 में पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बने थे सरदार वल्लभभाई पटेल, नेली सेनगुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और गांधी के अनुयायी जेबी कृपलानी भारत को आज़ादी मिलने तक कांग्रेस अध्यक्ष रहे।सन1948 और सन 1949 में पट्टाभि सीतारमैया कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और यही वह साल था जब गांधी की हत्या हो चुकी थी. महात्मा गांधी का प्रभाव आज तक भी भारतीय राजनीति पर है, लेकिन उनकी हत्या के बाद कांग्रेस का नेहरू युग शुरू हुआ। पहले प्रधानमंत्री बन चुके पंडित जवाहर लाल नेहरू के समय में जिस साल संविधान लागू हुआ ।सन 1950 में कांग्रेस के अध्यक्ष साहित्यकार पुरुषोत्तमदास टंडन थे।सन1951 से सन 1954 तक खुद नेहरू अध्यक्ष रहे। पंडित नेहरू युग में 1955 से सन19 59 तक यूएन धेबार कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। सन 1959 में पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा गांधी बनी थी।सन 1960 से सन 1963 तक नीलम संजीव रेड्डी, नेहरू के निधन के सन 1964 से सन19 67 तक कामराज कांग्रेस अध्यक्ष रहे। हालांकि नेहरू का निधन 1964 में हो चुका था।

## प्रोध पर काबू पाना सीखों

यदि आपको कोई कुत्ता कहता है तो आप उसे भौंकें नहीं बल्कि मुस्कुराएँ। गालियाँ देने वाला स्वयं ही शर्मिन्दा हो जाएगा। अन्यथा सचमुच कुत्ता बन जाओगे। यह बात राष्ट्रसंत मुनिश्री तरुण सागर जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपको गालियाँ देता है और आप उसे स्वीकार नहीं करते तो वह गालियाँ उसी के पास रह जाती हैं। भगवान महावीर को भी लोगों ने गालियाँ दीं। उन्होंने कहा कि जीवन में शांति पाने के लिए प्रोध पर काबू पाना सीख लो। जिसने जीवन से समझौता करना सीख लिया वह संत हो गया। वर्तमान में जीने के लिए सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। तथाकथित आधुनिक सभ्यता एवं पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही नई पीढ़ी को समझाइश देते हुए मुनिश्री ने कहा कि शादी करना है तो जागते हुए करो। परिजनों की मर्जी को दरकिनार कर घर से भागने की प्रवृत्ति आपके जीवन को अंधकारमय बना सकती है। उन्होंने युवतियों से कहा कि कभी भी घर से भागकर शादी मत करना। विधर्मी से शादी करने पर आपको वह सब भी करना पड़ सकता है जिसकी कल्पना आपने कभी न की होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म के तीन घन्टे तथा जीवन में काफी अंतर होता है। वास्तु शास्त्र, ज्योतिष व धर्म के नाम पर पाखण्ड एवं ग्लैमर की चकाचौंध को लेकर श्रद्धालुओं को खबरदार करते हुए मुनिश्री ने कहा कि जिसके भाग्य में जो लिखा है वही मिलेगा और परेशान होने से कुछ अतिरिक्त प्राप्त नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च सत्ता ईश्वर ही होता है और वह यदि आपसे नाराज है तो दुनिया की कोई ताकत या वास्तु शास्त्र आदि आपकी मदद नहीं कर सकता।

# शर्म आपको आती पता नहीं, लेकिन हमें आप पर तो आती है...

**सोनम लववंशी**

महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र बदनाम है। ऐसे में यूं कहें कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का मंदिर अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित हो रहा है। फ़िर यह अतिश्योक्ति नहीं। आज के दौर में हम विकसित होने का ढोंग भले रच लें, लेकिन सोच और समझ हमारी रसातल में जा पहुँची है। देश के शीर्ष पदों पर बैठे लोगों से लेकर निचले स्तर तक के लोग महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी में पीछे नहीं रहते। ऐसे में सवाल कई उठते, लेकिन जब लोकराज ही बिना लोकलाज के चलने लगें। फिर उन सवालों का ज़्यादा औचित्य नहीं? भारत के संविधान में विधायिका को अनुच्छेद-109 (संसद) और अनुच्छेद-194 यानी विधानसभा के तहत विशेषाधिकार प्राप्त हैं और ये विशेषाधिकार इसलिए जरूरी हैं ताकि विधायिका नागरिकों के मुद्दे उठाने और क़ानून बनाने के दौरान हुए वार्तालाप को लेकर स्वतंत्र महसूस कर सके। लेकिन जब हम अतीत को देखते हैं फ़िर वर्ष 2003 में तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष ने %द हिन्दू% के चार पत्रकारों और एक प्रकाशक के विरुद्ध एक अरेस्ट वारंट सिर्फ इसलिए जारी कर दिया था, क्योंकि उस अख़बार में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय जयललिता के खिलाफ कुछ ऐसा लिख दिया गया था जो अध्यक्ष महोदय को पसंद नहीं। लेकिन बीते दिनों जो कर्नाटक के विधानसभा में हुआ उसका क्या? सवाल ऐसे में यही बनता है। बीते दिनों जो कर्नाटक विधानसभा में हुआ। उसे दुनिया ने देखा। अब ऐसे में सवाल यही क्या हम एक ऐसे आधुनिक भारत के निर्माण की तरफ़ बढ़ रहे, जहां मानसिक रूप से अक्षम नागरिकों की फ़ौज बढ़ रही बस?



हर वर्ष 16 दिसंबर को निर्भया बलात्कार की घटना की बरसी होती है और उसके एक दिन बाद ही यानी 17 दिसंबर को कर्नाटक विधानसभा में वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर एक फूहड़ संवाद हुआ। संवाद भी ऐसा जिससे मानव जाति अपमानित हो जाएं, लेकिन सियासतदां कहाँ आते मानव जाति में? उनकी तो एक अलग श्रेणी होती है। ऐसे में कांग्रेस नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार ने एक कहावत का हवाला देते हुए व चेयर को संबोधित करते हुए कहा कि, जब रेप होना ही है तो लेट जाओ और मजे लो। यह बयान विधानसभा अध्यक्ष का जितना घिनौना था उससे कहीं अधिक घिनौनी वह सोच है जो ऐसे नेताओं को सदन में प्रतिभाग लेने का अवसर उपलब्ध कराती हैं। पर अफ़सोस की इस शर्मसार कर देने वाली घटना को भी हमारे देश के राजनेता पक्ष विपक्ष की राजनीति के तराजू पर तोल रहे है। ऐसे में शायद वो यह भूल गए हैं कि जिस संविधान ने उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी दी है उसी लोकतंत्र के मंदिर में महिलाओं को अपशब्द कहें जा रहे है। हमारे राजनेताओं को सत्ता के सुख की ऐसी लत लगी है कि वह अपनी मर्यादा तक को ताक पर रख बैठे है। वह भूल गए है कि जिस देश में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और राजा हरिश्चंद्र जैसे प्रतापी राजाओं ने जन्म लिया है। जिन्होंने राजधर्म के नये कीर्तिमान गढ़े हो उस देश के राजनेता सत्ता सुख में मर्यादा विहीन हो चले है। इतना ही नहीं हमारे राजनेता यह तक भूल बैठे है कि जिस संविधान ने उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी दी है। उसी लोकतंत्र के मंदिर को कलंकित करने से वे बाज़ नहीं आ रहे है। एक मशहूर शायर फैज अहमद फैज हुए हैं जिनका लिखा एक गीत है। जिनकी चंद लाइनें याद आती है कि, बोल के लब आज़ाद है तेरे...! वैसे उन्होंने जब ये लाइनें लिखी होगी तब शायद ही यह सोचा हो कि एक दिन अभिव्यक्ति की आज़ादी का निहितार्थ सियासतदानों द्वारा इस संदर्भ में निकाला जाएगा। वैसे सोचने वाली बात यह है कि हमारे देश में जब-जब राजनेताओं के सुर बिगड़े है तब-तब ही महिलाओं के चरित्र का चीरहरण किया गया है। महिलाओं के दामन पर उंगली उठाना तो जैसे अब राजधर्म बन गया है। कुर्सी का खेल मुग़लई दौर का होता जा रहा है। अंतर सिर्फ इतना है कि तब तलवार का बोलबाला था आज संवैधानिक लोकतंत्र में अलोकतांत्रिक बदज़ुबानी का। जिस संसद में एक तरफ़ महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए उनकी शादी की उम्र को 18 साल से बढ़कर 21 साल किए जाने का विधेयक लाया जा रहा।

# आधुनिक परिवेश में विवाह के लिए आयुसीमा बंधन का औचित्यर

## सूडोकु नवताल- 5935

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5934 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

**राकेश कुमार वर्मा**

मानव सभ्यपता की सामाजिक व्यवस्था रीति-रिवाजों के रूप में प्रचलित है, जिसमें विवाह प्रत्येक समाज, चाहे वह आदिम हो या सभ्य संस्कृति का एक आवश्यक अंग होता है। यह वह साधन है, जिसके आधार पर समाज की प्रारम्भिक इकाई परिवार का निर्माण होता है। इन व्यवस्थाओं के संचालन से महिला एवं पुरुष एक सूत्र में बँधकर सामाजिक सोदेश्याता के साथ वंश परम्परा निर्वहन करने में योगदान देते है।

मनु ने विवाह के मुख्य्त-आठ स्वरूपों की व्याख्या की है जिनमें -1- ब्राह्म विवाह 2- देव विवाह 3- आर्ष विवाह 4- प्रजापत्य विवाह 5- असुर विवाह 6- गान्धर्व विवाह 7- राक्षस विवाह और 8 पैशाच विवाह शामिल हैं। प्रथम चार स्वरूप श्रेष्ठ एवं धर्मानुकूल बताये गये हैं, जबकि अन्तिम चार विवाह निम्न एवं धर्म के प्रतिकूल माने गये हैं। मनु ने 30 वर्ष के पुरुष के लिए 12 वर्ष की कन्या का विवाह निश्चित किया है। मौर्य काल में भी 12 वर्ष की कन्याम और 16 वर्ष के तरुण कानूनी अधिकार पाने वाले बालिग माने जाते थे।

गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा लिखित रामचरितमानस में एक दोहा आता है-

वर्ष अठ्ठारह की सिया, सत्ताईस के राम 77

कीन्हो मन अभिलाष तब, करनो है सुर काम 77

इस दोहे से यह साफ हो जाता है कि श्री राम और सीता की उम्र के बीच लगभग 9 वर्ष का अंतर था। वाल्मीकि रामायण के अरण्यकांड में साधु के रूप में आए रावण को माता सीता अपना परिचय इस प्रकार देती हैं-

**मम भर्ता महातेजा वयसा पंचविंशकन।**

**अष्टादश हि वर्षाणि मम जन्मनि गण्यते।**

इस प्रसंग में वन जाते समय मेरे पति की आयु 25 साल थी और मेरे जन्मकाल से लेकर वन प्रस्थान तक मेरी अवस्था वर्ष गणना के अनुसार 18 साल की हो गई थी। केंद्र सरकार ने हाल ही में लड़कियों के शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने के प्रावधान वाले बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक 2021 को लोकसभा में पेश किया। इसके तहत युवक और युवतियां 21 वर्ष उपरान्त। ही समानता के अधिकार को ध्यान में रखते हुए विवाह का निर्णय ले पाएंगे। इससे लैंगिक समानता तो सुदृढ़ होगा ही, लड़कियों को पढ़ने-लिखने के अधिक अवसर भी प्रदान करेगा। इसके नतीजे में वे कहीं अधिक आसानी से अपनी पढ़ाई पूरी करने और नौकरी करने में भी समर्थ होंगी। इसके अलावा इस कदम से मातृ मृत्यु दर कम करने और कुपोषण की समस्या पर लगाम लगाने में भी मदद मिलेगी।

लैंगिक समानता का तात्पुर्य समाज में महिला तथा पुरुष के समान अधिकार, दायित्व तथा रोजगार के अवसरों के परिप्रेक्ष्य में है। जिसे हम बाजारों से पगडंडियों तक तक देख रहे हैं, जहाँ उन्हेंव पुरुषों के सम्मारन में घूँघट करना पड़ता है । यह बात अलग है कि इसी तथ्य के मद्देनज़र सितंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में एजेंडा 2030 के अंतर्गत 17 सतत विकास लक्ष्यों को रखा गया, जिसे भारत सहित 193 देशों ने स्वीकार किया। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम बेसलाइन सर्वे 2014 की रिपोर्ट के अनुसार 15 से 17 साल की लगभग 16 प्रतिशत लड़कियां स्कूल बीच में ही छोड़ देती हैं। वर्ष 2013 में मानव विकास मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष पूरे देश में 5वीं तक आते-आते करीब 23 लाख छात्र-छात्राएं स्कूल छोड़ देते हैं। शहरों ही नहीं गॉवों में जंक फूड खाने का जो चलन बढ़ा है, वह बच्चों में मोटापे और कुपोषण का कारण है। सनद रहे कि इस तरह के मोटापे को अगले स्वास्थ्य संकट के रूप में देखा जा रहा हैं। दक्षिण भारत के ग्रामीणों क्षेत्रों में प्रसव पश्चात या दवाईयों के सेवनकाल में बैंगन, सूखी मछली, मूंगफली तथा रसोई तेल जैसे पिथम को अपचन, दस्त, वमन, चक्कर या गठिया जैसी बिमारियों का कारण माना जाता है हालांकि इन क्षेत्रों में बहुत से लोग ÷पिथम÷ के डर के कारण इन खाद्य पदार्थों को हाथ भी नहीं लगते हैं। देश के कुछ हिस्सों में खेसरी दाल (एक प्रकार की दाल) सस्ती तथा वजन में अन्य दालों की अपेक्षा अधिक भारी होने के कारण यह मजदूरों को तनख्वाह के रूप में मिलती है। इसमें मौजूद विषाक्तत तत्व तांत्रिका तंत्र को प्रभावित कर लेथिरिज्म नामक गंभीर बीमारी उत्पन्न करते हैं, लेकिन जीने के लिए इसका सेवन भी जरूरी है। आज की दौर में मिलावट, विशेषकर रसायनों से शरीर के गुर्दे, दिल व जिगर पर पड़ रहे दुष्परिणाम ने विभिन्नत रोगों को जन्मा दिया है।

# जीवन में जरूरी है सेहत से संवाद

**प्रवीण कक्कड़**

वर्ष 2021 अपने अंतिम सप्ताह में है। अच्छी बुरी तमाम बातें जल्द ही स्मृति का हिस्सा बन जाएंगी। कुछ नए संकल्प जीवन में आएंगे। उनमें जो सबसे पहला संकल्प हो सकता है, वह है अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना। क्योंकि बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। आज के समय में हम सब को भी स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सिर्फ इसलिए नहीं कि दुनिया इस समय एक वैश्विक महामारी से जूझ रही है बल्कि इसलिए भी कि हमारी जीवनशैली ऐसी हो गई है, जिसमें शरीर का ख्याल कहीं पीछे छूटता जा रहा है।

हम जीवन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तब कर पाते हैं, जब हम स्व्स्थ हैं। ऐसे में सेहत से संवाद करना आज की महती जरूरत है। आज के दौर में भागदौड़, प्रतिस्प र्धा और सामाजिक ताने-बाने में हमारी सेहत पीछे छूटती चली जा रही है। कभी हम सोचते हैं कि सुबह उठकर दौड़ लगाएंगे तो कभी हम सोचते हैं मोटापा कम करने के लिए डाइटिंग शुरू कर देंगे। डाइटिंग से हमारा वजन तो कम हो जाता है लेकिन शरीर से ऊर्जा चली जाती है। हमारे शरीर को सही मात्रा में कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, फैट और फाइबर की जरूरत होती है। बस निर्धारित करना है अपने शरीर और रूटिन के साथ इनके सामंजस्यब को।

असल में यह सारी बातें समझने के लिए हमें बहुत बड़ा डॉक्टर या खानपान विशेषज्ञ होने की जरूरत नहीं है। अगर हम अपने व्यस्त समय में से कुछ समय भी उस तरह से जी लें जैसा कि मनुष्य पारंपरिक रूप से जीता था तो हम अपने स्वास्थ्य पर बहुत बड़ा उपकार कर सकते हैं। सबसे पहले भोजन की बात ही लेते हैं। अगर हम सिर्फ वैसा ही पारंपरिक खाना खाएं जैसा कि उत्तर भारत और मध्य भारत में खाया जाता था तो उससे हमारे शरीर की बहुत सी आवश्यकताएं जिनमें माइनर मिनिरल्स भी शामिल हैं पूरी हो सकती हैं। हमारे यहां सब्जी में जो बघार लगाया जाता है, उसमें राई, सरसों, हल्दी, प्याज, जीरा जैसी छोटी-छोटी चीजों का इस्तेमाल होता है, जिन पर हमारा ध्यान वैसे नहीं जाता। असल में इनमें से ज्यादातर चीजें हमारे शरीर में माइनर मिनिरल्स और कुछ विटामिंस की पूर्ति करने के लिए हमारे पुरखों ने खाने का अभिन्न अंग बनाई थी। इसी तरह घर के छोटे-छोटे कामों में हाथ बटाना हमारे शरीर को लचीला बनाता है। सब्जी काटना, रोटी बेलना, कपड़े हाथ से फटकारना या धोना, पालथी मारकर बैठना, शंख बजाना यह सब ऐसी चीजें हैं जो हमारे शरीर को सहज रूप से स्वस्थ रहने में मदद करती हैं।

# कंगना रनौत ने दिखाई थलाइवी की नई झलक, शेयर किया अरविंद स्वामी संग फोटो



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अब अपनी अगली फिल्म थलाइवी में नजर आएंगी। यह फिल्म तमिलनाडू की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायॉपिक है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसी साल रिलीज होने जा रही है। अब कंगना ने इस फिल्म का एक नया स्टिल फोटो शेयर किया है जिसमें वह तमिल स्टार अरविंद स्वामी के साथ दिखाई दे रही हैं।अरविंद स्वामी फिल्म में मशहूर तमिल ऐक्टर और नेता एमजी रामचंद्रन की भूमिका में दिखाई देंगे। कंगना के एमजीआर के 104वें जन्मदिन पर यह तस्वीर शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एमजीआर ही वह व्यक्ति थे जो जयललिता को फिल्मी दुनिया से निकालकर राजनीति में लाए थे। कंगना ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, च्महान एमजीआर को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि, क्रांतिकारी नेता और थलाइवी के मेंटॉर।ज्कंगना ने इस स्टिल के अलावा एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें एमजीआर के जिंदगी के अभी तक के सफर को दिखाते हुए श्रद्धांजलि दी गई है। बता दें कि कंगना की यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में रिलीज की जाएगी। एएल विजय के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना अब अपनी अगली फिल्म च्धाकड़ज् की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा कंगना की फिल्म च्तेजसज् की शूटिंग भी इसी साल शुरू होगी जिसमें वह भारतीय वायु सेना की पायलट का किरदार निभा रही हैं।

## रश्मि रॉकेट के लास्ट शेड्यूल के लिए भुज रवाना हुईं तापसी पन्नू, को-स्टार्स के साथ शेयर की तस्वीर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपने से जुड़े अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।



तापसी पन्नू अपनी फिल्म रश्मि रॉकेट के लास्ट शेड्यूल के लिए भुज के लिए रवाना हुई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है।तापसी पन्नू ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें तापसी पन्नू कैमरे की तरफ पीठ करके खड़ी हैं और उन्होंने रेड जर्सी पहनी है। उनकी जर्सी पर भुज लिखा है। तापसी पन्नू ने इसके अलावा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वह अपने को-स्टार्स अभिषेक बनर्जी और प्रियांशु पेनयुली के साथ फ्लाइट में नजर आ रही हैं। सभी ने कोरोना वायरस से बचाव के चलते फेस शील्ड पहन रखी हैं। तापसी पन्नू ने इस तस्वीर के साथ लिखा, आज के दिन के ट्रैवलिंग पार्टनर्स! बीच में निकाल देंगे इनको प्लेन से। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू के पास कई फिल्में हैं। वह च्रश्मि रॉकेटज् के अलावा शाबाश मिठू, लूप लेपटा और च्हसीन दिलरुबाज् जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। तापसी पन्नू आखिरी बार फिल्म थप्पड़ में दिखाई दी थीं। इस फिल्म की दर्शकों और क्रिटिक्स ने तारीफ की थी।

## प्रीति जिंटा को याद आए डेब्यू फिल्म दिल से की शूटिंग के दिन, लिखा- हाथी भी सोच रहे होंगे कि...

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रीति जिंटा भले ही इस समय फिल्मी दुनिया में



ऐक्टिव न हो लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपने ऐक्टिंग करियर की पुरानी यादों को ताजा करती रहती हैं। अब प्रीति जिंटा ने अपनी डेब्यू फिल्म चदिल से के गाने चजिया जले की एक पुरानी याद को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रीति जिंटा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म चदिल सेज् के गाने चजिया जलेज् की शूटिंग के समय की पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह हाथियों के सामने खड़ी पोज दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ प्रीति जिंटा ने लिखा है, हाथी भी सोच रहे होंगे कि मैं क्या कर रही हूं। मैं एक अच्छी बच्ची की तरह सब कुछ फराह खान के कहने पर कर रही थी।

# शिबानी दांडेकर से फरहान की शादी पर जावेद अख्तर ने कहा- पर्सनल चीजों में दखल नहीं देता हूं



बॉलिवुड के मशहूर राइटर जावेद अख्तर अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। वह सोशल मीडिया पर भी लोगों को अलग-अलग मौकों पर जवाब देते नजर आते हैं। उनका ऐसा ही नजरिया अपने बच्चों को लेकर भी है। उनका कहना है कि अब उनके बच्चे बड़े हो गए हैं और उन्हें अपनी प्राइवेसी का पूरा अधिकार है। वह बच्चों से कभी उनकी पर्सनल बातें नहीं पूछते हैं।अपने जन्मदिन के मौके पर जावेद अख्तर ने कहा, च्जब लोग मुझसे बर्थडे पर केक काटने को कहते हैं तो मुझे थोड़ा अजीब लगता है कि क्योंकि अब मैं बच्चा नहीं रहा। बर्थडे एक रस्म है, मोहब्बत है तो दोस्त आ जाते हैं। अगर आपका जन्म एक अच्छी फैमिली में हुआ है जहां पैरंट्स बर्थडे सेलिब्रेट करते हैं तो आप कुछ अलग ही महसूस करते हैं लेकिन हमने तो ये सब देखा नहीं था। गरीब बच्चे अपना बर्थडे सेलिब्रेट नहीं करते हैं और मैंने भी बड़े होने के बाद ऐसा करना शुरू कर दिया।

**बेटे की शादी पर क्या बोले जावेद:** पिछले साल अफवाह थी कि तीन साल के रिलेशन के बाद फरहान अख्तर अपनी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर से शादी करने वाले हैं। इस सवाल पर जावेद अख्तर कहते हैं, मेरा मानना है कि जब बच्चे व्यस्क हो जाते हैं तो उनके पास निजता का अधिकार होता है। ऐसे में उनसे पर्सनल सवाल पूछना सही नहीं है।

**नहीं करनी चाहिए पूछताछ:** अख्तर के मुताबिक, अगर बच्चे अपनी पर्सनल बात बताते हैं तो आपको ध्यान से सुनना चाहिए लेकिन कभी जांच या फिर पूछताछ नहीं करनी चाहिए। अगर मेरे बच्चे अपनी पर्सनल बातें मुझसे शेयर करना चाहते हैं तो मुझे बहुत खुशी होगी लेकिन मैं कभी उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में पूछताछ नहीं करूंगा।

# मौनी रॉय जल्द करने जा रही बॉयफ्रेंड सूरज नांबियार से शादी?

बॉलिवुड में साल 2021 की शुरुआत अच्छी खबरों के साथ हो रही है। हाल में अनुष्का शर्मा बच्ची की मां बनीं, फिर इसके बाद अब वरुण धवन और नताशा दलाल की शादी की चर्चा चल रही है। इसी बीच खबर है कि बॉलिवुड की खूबसूरत दीवा मौनी रॉय भी शादी कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि मौनी रॉय दुबई के एक बैंकर सूरज नांबियार को डेट कर रही हैं और जल्दी ही उनसे शादी भी कर सकती हैं। मौनी रॉय कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान दुबई में थीं। मौनी ने पूरा लॉकडाउन अपनी बहन, बहनोई और उनके बच्चों के साथ बिताया है। कहा जा रहा है कि इसी दौरान उनकी नजदीकियां सूरज



नांबियार के साथ बढ़ने लगीं। हालांकि अभी तक इस बात को किसी ने कन्फर्म नहीं किया है कि शादी कब होगी लेकिन मौनी रॉय पहले ही इंस्टाग्राम पर अपनी रिलेशनशिप को ऑफिशल कर चुकी हैं। मौनी रॉय ने अपनी इन तस्वीरों से फिर मचाया गदर, ट्रांसपैरंट ड्रेस में दिखाए जलवे मौनी ने सूरज और उनकी फैमिली के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की थी जिसमें उन्होंने सूरज के पैरंट्स को च्मॉमज और च्डैडज बताते हुए संबोधित किया था। मौनी के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि मौनी रॉय सूरज के पैरंट्स के साथ काफी कंफर्टेबल रहती हैं और यह सूरज से शादी करने का एक बड़ा कारण है। बता दें कि अगस्त 2020 में सबसे पहले हमारे सहयोगी ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मौनी रॉय और सूरज नांबियार एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

## महेश मांजरेकर को गुस्सा पड़ा भारी, मारपीट का मामला हुआ दर्ज

बॉलिवुड ऐक्टर और डायरेक्टर महेश मांजरेकर के खिलाफ पुणे में मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि महेश मांजरेकर ने रोड रेज के मामले में किसी आदमी के साथ मारपीट की है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना 15 जनवरी को हुई थी।महेश मांजरेकर के खिलाफ यह मामला पुणे के यवत पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है। यहां बताया गया है कि 15 जनवरी को महेश मांजरेकर ने कथित तौर पर रोड रेज के एक मामले में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। पुलिस ने थाने में इस मामले में एनसी दाखिल कर ली है।बता दें कि इससे पहले महेश मांजरेकर ने 2020 में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोई उन्हें धमकाकर 35 करोड़ रुपये की मांग कर रहा है। अभी महेश मांजरेकर फिल्म च्अंतिमः द फाइनल ट्रुथज का डायरेक्शन कर रहे हैं जिसमें सलमान खान और आयुष शर्मा लीड रोल में हैं।



# वेब सीरीज तांडव पर मचा बवाल, बीजेपी एमपी ने की बैन लगाने की मांग



हाल में सैफ अली खान के लीड रोल वाली वेब सीरीज तांडव रिलीज हुई है। इस सीरीज में कुछ सीन पर रिलीज होने के बाद ही सोशल मीडिया पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। अब बीजेपी सांसद मनोज कोटक खुलकर इसके खिलाफ आ गए हैं और उन्होंने कहा है कि इस सीरीज के जरिए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। जल्द ही इस सीरीज के मेकर्स और कलाकारों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की भी तैयारी की जा रही है। लगातार वेब सीरीज के नाम पर ऐंटी हिंदू कॉन्टेंट परोसा जा रहा है जिसपर तुरंत रोक लगाए जाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिल्मों और वेब सीरीज में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाया जाता है जिससे हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचती हैं।मनोज कोटक ने ट्वीट कर यह जानकारी भी दी है कि उन्होंने इस बारे में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से भी बात की है और उनसे भारत की अखंडता बनाए रखने की खातिर ओटीटी कॉन्टेंट पर सेंसरशिप लगाए जाने की मांग की है। यह भी खबर है कि च्तांडवज वेब सीरीज के खिलाफ रविवार 17 जनवरी को बीजेपी नेता राम कदम घाटकोपर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने जाने वाले हैं। बता दें कि दरअसल, च्तांडवज के डायलॉग्स और सीन को लेकर दर्शकों ने नाराजगी जाहिर की है। वेब सीरीज के पहले एपिसोड में दिखाया गया है कि ऐक्टर जीशान अय्यूब यूनिवर्सिटी के फंक्शन में भगवान शिव के वेश में दिखाई दे रहे हैं। च्तांडवज के इस सीन लेकर लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए आपत्ति जताई है।

# तमाशा का सेट, मीना कुमारी का दीदार और प्यार के दर्द में मुग़ले आज़म का महल, ये थे कमाल अमरोही जिनके एक-एक अल्फ़ाज़ पाकीज़ा हो गए



फिल्मों में उनके लिखे एक-एक अल्फ़ाज़ पाकीज़ा हो गए। सेल्युलाइड पर लिखी कविता की तरह थे कमाल अमरोही। कमाल अमरोही ने जब फिल्मों के डायलॉग लिखे तो मुग़ले आज़म हो गए। जब फिल्म की कहानी लिखी तो कामयाबी का च्महलज खड़ा कर दिया। फिल्म को डायरेक्ट किया तो दिले नादान के आंसू बन गए। एक ऐसे फनकार जिन्होंने फिल्मों को सबकुछ दिया। कमाल साहब से पहले राइटर को मुंशी कहा जाता था। उन्होंने ये इतिहास पलट दिया। हिंदी सिनेमा के कमाल थे अमरोही साहब।उत्तर प्रदेश के अमरोहा के कमाल। बॉलीवुड की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी के कमाल। चलते - चलते यूं ही कोई मिल गया था.. सरे राह चलते चलते। वहीं थम के रह गई है मेरी रात ढलते ढलते। अमरोही के कमाल ने मीना कुमारी को उनकी ओर खींच लिया। लेकिन इश्क की ये कहानी तड़पने लगी। इतनी जल्दी कि किसी को अंदाजा नहीं था। अजीब दास्तां है ये.. कहां शुरू कहां खतम..ये मंजिले हैं कौन सी न वो समझ सके न हम। कुछ यही कहानी बनी दोनों के प्यार की। फन के खास मुकाम तक पहुंचे फनकारों के साथ कई कहानियां बनी। जमाने ने कमाल पर कई आरोप लगाए। कमाल अमरोही से मीना कुमारी की पहली मुलाकात तमाशा के सेट पर हुई थी। तब वो अनारकली के लिए एक्ट्रेस तलाश रहे थे। पहली ही मुलाकात में अमरोही ने दोगुनी रकम देकर मीना कुमारी को साइन करा लिया। कमाल अमरोही की उम्र मीना कुमारी से कहीं अधिक थी।

इसी दौरान महाबलेश्वर से लौटते वक्त मीना कुमारी हादसे का शिकार हो गईं। तब दोनों के बीच शायराना अंदाज में खतों का आदान प्रदान हुआ। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। तब कमाल अमरोही के पहली पत्नी से तीन बच्चे भी थे। कमाल अमरोही के फिल्मी दुनिया में दाखिल होने की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं। वो अमरोहा के जमींदार परिवार से ताल्लुक रखते थे। तब उनका नाम सैयद अमीर हैदर हुआ करता था। एक दिन उनके भाई ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। उसी रात उन्होंने अमरोहा छोड़ दिया। लाहौर चले गए। वहां मन नहीं लगा और वो कोलकाता आ गए। फिर मुंबई। लाहौर में उनकी मुलाकात केएल सहगल से हुई। मिनर्वा के मालिक सोहराब मोदी से उन्होंने कमाल को मिलवाया। सोहराब की फिल्म पुकार सुपरहिट रही। कमाल ने ही कहानी लिखी थी। फिर तो सिलसिला शुरू हो गया। महल की सफलता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिर कमाल ने अपनी कंपनी खोली। कमाल पिक्चर्स। इसी बैनर तले मीना कुमारी के साथ फिल्म दायरा बनाई। उस वक्त महबूब खान अपनी फिल्म अमर बना रहे थे। मधुबाला से पहले मीना कुमारी को ही उन्होंने साइन किया था। अमर को मना करने पर मीना कुमारी को उनके अब्बा ने घर से निकाल दिया। वो सीधे कमाल के पास आ गईं। चांदनी रात बड़ी देर के बाद आई है.. ये मुलाकात बड़ी देर के बाद आई है.. आज की रात वो आए हैं बड़ी देर के बाद.. आज की रात बड़ी देर के बाद आई है... वो रात मीना कुमारी की जिंदगी की सबसे हसीन रात थी। इसी खुशमिजाजी के साथ दायरा की शूटिंग शुरू हुई। इसके बाद मुगले आजम की शूटिंग शुरू हुई। शुरू में सिर्फ वजाहत मिर्जा इसकी कहानी लिख रहे थे। फिर के आसिफ ने कमाल की तरफ रुख किया। सलीम और अनारकली के डायलॉग सदा सदा के लिए लोगों के जेहन में धंस गए।1958 में मुगले आजम की शूटिंग के दौरान कमाल और मीना के रिश्ते बेहद खराब हो गए। शूटिंग पर ब्रेक लग गया। दोनों के बीच क्या हुआ उसका सच कोई नहीं बता सकता। उस समय की सुर्खियों के मुताबिक मीना की सफलता से कमाल जल रहे थे। वो उन पर हक़ जताना चाहते थे। रिश्तों में कड़वाहट कम करना मुश्किल था। उधर लगातार शराब पीने से मीना कुमारी को कैंसर हो चुका था। 1964 में गईं तो 1970 में लौटीं। सुनील दत्त और खैयाम ने उन्हें फिल्म के लिए फिर से तैयार किया। कमाल के साथ पाकीजा के सेट पर वो काम कर रही थीं।चार फरवरी 1972 को पाकीजा पर्दे पर थी और मीना अस्पताल में मौत का इंतजार कर रही थी। 31 मार्च को उन्होंने दम तोड़ दिया। कमाल अमरोही तनहा हो गए।

# नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**समस्याओं का निराकरण ना होने पर होगा आंदोलन**

**गोहद** नगर पालिका क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं के निराकरण को लेकर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टोनी मुद्गल के नेतृत्व में नगर पालिका अधिकारी सतीश दुबे को दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जन समस्या निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी नगर कांग्रेस के नेताओं ने दी है समस्याओं में प्रमुख रूप से शीतलहर का भीषण समय चल रहा है लेकिन अभी तक शहर में अलाव नहीं जलाए गए हैं, अलाव जलाए जाएं। गोहद शहर से चौराह तक सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइट जगह जगह बंद है, कोहरे के समय इस वजह से बडा हादसा हो सकता है, इसलिए तत्काल ठीक कराएं।

गंज बजार एवं इटायली गेट से बस स्टैंड तक सड़क के बीच डिवाइड के दोनो तरफ लगने वाले हाथ ठेलो की वजह से राहगीरों को निकलने में दिक्कत होती है इसलिए दोनो जगह के ठेलो को हाकर्सजॉन में लगाया जाए। शहर की पान वाली गली में नालियों की सफाई न होने की वजह से नालियां जाम होकर पानी सड़कों पर आ रहा है, नालियों की सफाई प्रतिदिन हो सुनिश्चित करें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा पूर्व में शहर में सुबह शाम झाड़ू लगती थीं वह फिर से शुरू की जाये जिससे सफाई व्यवस्था बेहतर हो। शहर की पानी की टंकियों को भरने वाली लाइन जगह जगह टूट रही है उसे बदला जाए। फिल्टर प्लांट की सफ़ाई समय पर नहीं होती है, फिल्टर की सफ़ाई का सेडयुल बनाया जाए जिससे सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाए। शहर में नगर पालिका द्वारा पूर्व में प्रस्तावित सी सी टी वी कैमरे अभी तक नही लगे है, कैमरे तत्काल लगवाये जाए जिससे नगर की सुरक्षा मजबूत हो सके।शहर के सौंदर्य स्थल केशव पार्क, नौका विहार, एवम् लक्ष्मण तलैया का सौंदर्यीकरण अभी तक पूरा नही हुआ है, उसे तत्काल पूरा किया जाए। शहर में दो प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया गया था जिनमें से सरदार पटेल गेट का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नही हुआ है, उसे तत्काल पूरा किया जाए।उपरोक्त विंदुओ का सात दिवस में निराकरण न होने की स्थिति में कांग्रेस पार्टी आपके खिलाफ जंगी प्रदर्शन करेगी जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष गुर्जर जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राजकुमार देशलहरा युवक कांग्रेस अध्यक्ष ब्लॉक कुलदीप सिंह गुर्जर युवा नेता शैलेंद्र दशरथ सिंह गुर्जर बी पी गुर्जर विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका गणेश राम शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष अवध किशोर गुर्जर उमेश का कर गोपाल पचौरी सूरज शर्मा राम जी गुर्जर राजू गुर्जर राहुल शर्मा पिंक उचाड़िया अजीत शर्मा गौरव कोहली प्रदीप सोनी इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे



## क्षत्रिय खंगार समाज ने मनाई महाराजा खेतसिंह जयंती

**जिला शिवपुरी मध्य प्रदेशद्ध**



शिवपुरी नगर में क्षत्रिय खंगार समाज शिवपुरी द्वा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराजा खेतसिंह जयंती बडे ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनो द्वा माता गजानन और महाराजा खेतसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किये गये उसके बाद माता गजानन की आरती की गई तदोपरांत सभी समाज बंधुओं के बीच समाज के प्रबुद्धजनों ने कप्तान सिंह सहसारी जी ने विचार व्यक्त किये जिसमे समाजसेवी बलवीर मिर्जा मजबूत सिंह परिहार जिला अध्यक्ष काशीराम परिहार कोषाध्यक्ष प्रगति मंच के अध्यक्ष श्याम सिंह परिहार ने महाराजा खेतसिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महाराजा खेतसिंह का जन्म 27 दिसंबर 1140 में जूनागढ गुजरात में हुआ था कहते है कि पूत के लक्षण पालने में ही नजर आ जाते है एसे ही महाराजा खेतसिंह बचपन से ही बुद्धिमता में उत्कृष्ट और शारिरिक पर से बलशाली से और तलवार बाजी में निपुण थे एक बार भारत के हिन्दू सम्राट प्रथ्वी राज चौहान भ्रमण के लिये निकले तो उन्होंने पाया कि 13 साल का बालक सिंह से युद्ध कर रहा है तभी उस बालक को प्रथ्वीराज चौहान ने महल बुलाया और उन्हे अपनी तलवार भेंट कर कहा आज से इस खग को धारण कर तुम्हारी युद्धकला से अधिक प्रभावित हूं इसलिये यह तलवार (खग) भेंट कर खंगार की उपाधि से सम्मानित करता हूं इसके बाद प्रथ्वीराज चौहान के साथ महाराजा खेतसिंह ने अनेक युध्द लडे गये जिनमें से जुझौतीखन्ड (महोबा) में लडा गया मुगलों से युद्ध महाराजा खेतसिंह के नेत्रत्व में लडा गया और जीता गया इसके बाद महाराजा खेतसिह को जुझौतीखण्ड जो वर्तमान में बुंदेलखंड नाम से जाना जाता है।

## वन-टू-वन

### रणवीर जाटव ने किया हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण

**गोहद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक व नवनियुक्त संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम के अध्यक्ष रणवीर जाटव ने आज भोपाल में संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले भोपाल में श्री जाटव ने शंकर जी के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं अपने पिता स्वर्गीय माखन लाल जाटव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। तदुउपरांत श्री जाटव ने संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम कार्यालय में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। जिसके पश्चात निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर फूल माला पहनाकर कर नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया तथा निगम के समस्त कर्मचारियों से परिचय कराया गया। इनके पदभार ग्रहण करने पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा गोहद के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### 05 साल से फरार वारण्टी को पण्डोखर पुलिस ने पकड़ा

**भाण्डेर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

पण्डोखर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।इस दौरान पुलिस ने 5 साल से फरार वारंटी को पकड़ा है।विस्तार से जानकारी के लिए आपको बता दें कि थाना कोतवाली जिला दतिया में आरोपी ओमप्रकाश कुशवाह के विरुद्ध धारा 138 पराक्रम लिखित अधिनियम (एनआईए एक्ट) का मामला पंजीबद्ध था जिसका माननीय जेएमएफसी महोदय दतिया के न्यायालय द्वारा आरोपी ओमप्रकाश पुत्र बहादुर सिंह कुशवाह का स्थाई बारण्ट जारी किया गया था।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री अमनसिह राठौर के द्वारा की चलाये जा रहे वारण्टियों की धरपकड अभियान एवं निर्देशन में,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री कमल मौर्य के मार्गदर्शन व श्रीमान एसडीओपी महोदय भाण्डेर श्री कर्णिक श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पण्डोखर श्री धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह ने मय फोर्स की मदद से मुखबिर की सूचना पर से स्थाई बारण्टी ओमप्रकाश कुशवाह निवासी निबरोल थाना गोहद जिला भिण्ड को समथर तिराहे से गिरफ्तार किया।



#### इनकी रही मुख्य भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पडशेखर धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह,सउनि प्रमोद सावन आर हरिमोहन,आर. रविकान्त कौरव और शैलेन्द्र नौरोजी आर.उदयमान की सराहनीय भूमिका रही।

### एक शाम आईमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरु**-रविवार एक शाम आईमाता के नाम का भंजन संध्या का आयोजन मुडलपालिया स्थित आगलेचा भंवन में किया गया ।सर्व प्रथम माताजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर गणेश वंदना के साथ धर्मसभा की शुरूआत की गई। जिसमें भजनकार राजस्थान से आए संत श्री. श्री.108 रामदास महाराज एवं भजनकार रतनसिंह राजपुरोहित व राजुराम सहित द्वारा मधुर राजस्थानी लोक भजनो की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाया। भजनो का दौरा देर रात तक जारी रहा ।इस अवसर पर हल्दी की गोठ रखा। इस अवसर पर पनालाल आगलेचा, नेमाराम सेंणचा, अशोक परिहार, सरवन माली ,केवलराम माली ,नेमाराम गेहलोत, राजूराम राठौड़, गोपाल सोयल,कालुराम गेहलोत, चोथाराम सेंणचा, सहित बड़ी सख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## श्री राम का जीवन एक ऐसा जीवन है जिनके हर पहलू से हमें सकारात्मक संदेश व शिक्षा मिलती है : राहुल भदोरिया

**रामलीला का हुआ शुभारंभ**



मेहगांव श्री राम का जीवन एक ऐसा जीवन है जिनके हर पहलू से हमें एक सकारात्मक संदेश व शिक्षा मिलती है यह बात ग्राम बालूपुरा में रामलीला का शुभारंभ करते समय जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस के युवा नेता राहुल भदोरिया ने कहीं उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का अपने पिता का वचन निभाने के लिए 14 वर्ष वनों की ठोकरें खाना छोटे भाई लक्ष्मण का अपने भाई के लिए सब कुछ त्याग कर उनके साथ वन में जाना भरत का अपने भाई के लिए अयोध्या का मिले राज का त्याग करना माता सीता का जीवन पत्नी धर्म का पालन करना इत्यादि शिक्षा समाज में जीने के लिए हमें नई दिशा दिखाता है भदोरिया ने कहा है कि रामलीला दो शब्दों के मेल से बना है रामलीला अर्थात प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित कथाओं के माध्यम से मंचन भगवान श्री राम के जीवन में क्या-क्या घटित हुआ था तथा उससे हमें यह संदेश मिलता है बस इन्हीं लीलाओं के माध्यमों से दर्शकों को दिखाया जाता है यह समाज हित में बहुत जरूरी है पहले हर गांव में रामलीला का आयोजन होता था ग्रामवासी बड़े हर्षोल्लास के साथ उसका दर्शन लाभ लेते थे आज भौतिक युग में विभिन्न टीवी चैनल सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को नई नई जानकारी मिल रही है लेकिन ग्राम में होने वाली रामलीला का एक अलग ही महत्व है समाज हित में ऐसे आयोजन प्रत्येक गांव में होते रहें इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में ग्राम जन और रामलीला का मंचन करने वाले लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर हीरा सिंह नरवरिया लायक सिंह गुर्जर जगमोहन सिंह भदोरिया उमेश सिंह नरवरिया सुनील नरवरिया इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर और सीएमओ को दिया आमंत्रण, नही आने पर नाराज़ कालोनीवासियों ने नामप्लेट को फेंका गंदे पानी में



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी** -खबर शिवपुरी के आदर्श नगर कॉलोनी से आ रही है जहाँ कॉलोनी वासियो ने जिला कलेक्टर और नगर पालिका सीएमओ के नामप्लेट को गंदे पानी मैं फेक दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तरफ जहां प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासन प्रशासन शहर में सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ बनाने में जुटे हैं। वहीं शिवपुरी सीएमओ द्वारा शिवपुरी को नंबर वन बनाने में लगे हुए है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां भी उड़ती नजर आ रही है। शहर के आदर्श नगर कॉलोनी में बीच रास्ते पर फैली गंदगी और साफ इशारा कर रही है। सड़क पर फैल रही गंदगी, नाली से लोगों को काफी परेशानी भी हो रही है लेकिन नगरपालिका के अधिकारी इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं शहरों व गांव को स्वच्छ बनाने के लिए सरकारी व गैर सरकारी संस्था तरह-तरह के प्रयास कर रही हैं जैसे शहर को साफ स्वच्छ बना कर पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके लेकिन नगरपालिका का इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है जबकि कोलोनीवासी द्वारा कलेक्टर और सीएमओ को आमंत्रण भी दिया गया था की आपके उल्लखनीय कार्य की प्रशंशा करते हुए सम्मानित करेंगे लेकिन काफी समय निकल जाने के बाद कोई भी वहां नही पहुंचा।



### ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी का मेहगांव में हुआ स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण युवा संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमित दांतरे के द्वारा मेहगांव के युवा एवं सक्रिय पत्रकार पुरुषोत्तम राजौरिया को संगठन का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। पुरुषोत्तम राजौरिया के मनोनयन पर मेहगांव में पत्रकारों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान बधाई देने वालों में पत्रकार महेश चौधरी, महेश मिश्रा, भगवती थापक, गणेश पाराशर, हरिओम शर्मा, घनश्याम त्यागी, सत्तू सोनी, गिरजेश सैंथिया, धर्मेंद्र गुर्जर, अस्वनी त्यागी, शिवम डंडोतिया, जयदीप जादौन, गिर्राज कटारे, गिरजेश डंडोतिया, सचिन भदौरिया, दिवाकर शर्मा, मनीष थापक, सीटू गुर्जर, प्रमोद गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

## गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला आयोजित





**ग्वालियर**(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)आज का समाज समय अल्पता से जूझ रहा इसलिए डिजिटल मार्केटिंग आज के आधुनिक युग की आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा महाराजा मानसिंह कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डिजी एडवर्ड्स के संस्थापक सुमित शर्मा उपस्थित रहे।वक्ता ने कहा डिजिटल मार्केटिंग से उत्पादक अपने ग्राहक तक पहुंचने के साथ ही साथ उनकी गतिविधियों, उनकी आवश्यकताओं पर भी दृष्टी रख सकता है।ग्राहकों का रुझान किस तरफ है,ग्राहक क्या चाह रहा है, इन सभी पर विवेचना डिजिटल मार्केटिंग के द्वारा की जा सकती है।सरल भाषा में कहें तो डिजिटल मार्केटिंग डिजिटल तकनीक द्वारा ग्राहकों तक पहुंचने का एक माध्यम है।इसमें स्वरोजगार व रोजगार की अनंत संभावनाएं है इस मौके पर गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन संस्थापक आकाश बरूआ,कॉलेज चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह तोमर,प्राचार्य सीताराम सिंह तोमर , कार्यशाला संयोजक डॉ.मेघना शर्मा,विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ.संजय षट्धर,डॉ संगीता साहनी,शैली भट्ट,डॉ.महैन्द्र चौधरी,जयपाल सिंह तोमर सहित छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।।

## भिंड ,मेहगांव नगर के पीपल वाली काली माता मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**



आयोजन आज की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे पूज्य व्यास श्री सतीश कौशिक जी महाराज ने कहां भगवान रुक्मणी के विवाह का बड़ा ही सुंदर प्रसंग का वर्णन किया और उन्होंने कहा आज मनुष्य धर्म को पीछा छोड़ता जा रहा है और बुरे कार्यों में लगा है हमें अगर परमात्मा ने यह मनुष्य तन की योनि दी है तो कि हम भगवत जीवन में अपने कुछ धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले और सकारात्मक सोच के साथ नकारात्मक विचारों को दूरी बनाकर भगवान की धर्म ध्वजा को आगे लाने का प्रयास करें आज की कथा श्रवण करने पधारे श्री श्री महंत अतर सोह सिद्ध स्थान से पधारे जय कम दास महाराज का सभी भक्तों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ और कथा का आयोजन श्री 108 नरेशा नंद गिरि जी महाराज महाराज जी द्वारा बताया गया कि यह आयोजन हमारे क्षेत्र के खुशहाली भरा रहे क्षेत्र निरोग रहे हाल ही में जो हम और आप कोरोना जैसी महामारी उससे कुछ समय पहले हम और आप बहुत परेशान रहे थे उस बीमारी से जल्दी से जल्दी निजात मिले हमारे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ ऐसे धार्मिक अनुष्ठान में ज्यादा से ज्यादा हो और सभी लोग भाग ले इसके इस अवसर पर हफीज अहमद पूर्व पार्षद कथा में पधारे लिए यह आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम में युवा समाजसेवी मनीष शिवहरे के द्वारा काली माता भक्त मंडल के सदस्यों के साथ मिलकर संपूर्ण कथा में सेवाएं दी जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में माताएं बहने भाई बंधु भक्तजन आदि उपस्थित रहे

### क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई गई

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**



**पिछोर,** ठाकुर क्षत्रिय खंगार विश्वनाथ कॉलोनी नई बस्ती में क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई गई जिसमें क्षत्रिय खंगार समाज के लोग एकाग्रत हुए और महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई गई जिसमें क्षत्रिय समाज में काफी कुछ उत्साह है देखा गया ग्रामीण अंचल से लेकर कस्बा एवं परगना से लेकर सभी छत्रिय खंगार समाज के लोग जयंती समारोह में सम्मिलित हुए एवं महाराजा खेत सिंह खंगार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्म उत्सव मनाया गया जिसमें नवयुवक द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही जयंती समारोह में आए हुए महानुभावों ने भी अपने अपने विचार रखें एवं साथ ही आगे चलकर महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती और बेहतरीन तरीके से मनाए जाने के लिए अपने अपने सुझाव रखें साथ ही वरिष्ठ लोगों ने क्षत्रिय खंगार समाज के सुझाव को विस्तार पूर्वक सुना जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे ठाकुर प्रीतम सिंह खंगार हिंदू जागरण मंच से साकेत पुरोहित बीजेपी कार्यालय मंत्री पंकज प्रताप सिंह खंगार राकेश परिहार पत्रकार अमित खंगार नई बस्ती सिंधिया समर्थक मनोहर सिंह परिहार शिवराज सिंह खंगार पाएगा से नरेंद्र सिंह खंगार बदरवास से राम कुमार परिहार गजेंद्र परिहार होरल परिहार एवं सभी समाज वरिष्ठ जन जयंती समारोह में सम्मिलित हुए वा उपस्थित रहे

## वन-टू-वन

### झोपड़ी में आग से बच्ची की मौत, पुलिस जांच जारी

**भोपाल।** मप्र के शिवपुरी जिले के ग्राम सिल्लारपुर में आधी रात को अंगूरा आदिवासी की झोपड़ी में आग लग गई। आग में एक 3 साल की मासूम किरण जिंदा जल गई। बच्ची की मौत के बाद पिता अंगूरा का आरोप है कि झोपड़ी में आग उसके भाइयों ने लगाई है। पुलिस ने बच्ची का पोस्ट मार्टम करवाकर मार्ग कायम कर लिया है। फिलहाल अंगूरा ने पुलिस को कोई बयान दर्ज नहीं कराया है। पुलिस ने कहा है कि गांव में पता चला है कि आग शार्ट सर्किट के कारण झोपड़ी में लगी थी। ऐसे में मामला जांच में है। उन्होंने कहा कि बयानों के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। वहीं एसडीओपी जीडी शर्मा करेरा ने कहा कि अभी मामले में मर्ग कायम कर लिया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाही की जाएगी। वहीं हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता अपनी बच्ची को मौत का जिम्मेदार ठहरा रहा है। पिता ने भाइयों पर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सायकल सवार लुटेरे ने युवती को बनाया निशाना, मोबाइल लूटकर हुआ नौ दो ग्यारह

**भोपाल।** शहर मे बाईक सवार लूटेरो द्वारा वारदातो को अंजाम देने की घटनाओ मे अब सायकल सवार बदमाश द्वारा भी मोबाईल लूट की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। ईएमएस संवादाता को मिली जानकारी के अनुसार हबीबगंज थाना इलाके मे सथित अरेरा कॉलोनी में पैदल जा रही युवती का सायकल सवार युवक मोबाइल लूटकर चंपत हो गया। पुलिस ने ईएमएस संवादाता को बताया कि 24 वर्षीय राधिका साहू ने अपनी शिकायत मे बताया कि बीती शाम पांच बजे वो ई-7 अरेरा कॉलोनी से मोबाइल पर बात करते हुए पैदल जा रही थीं। अचानक ही उनके पीछे की और से आए सायकिल सवार बदमाश ने उनके 15 हजार कीमत के मोबाईल पर झपटटा मारा ओर उसे लेकर तेज स्पीड से सायकल दौड़ाते हुए भाग गया। मामले की जॉच के बाद उपनिरिक्षक विश्वकर्मा द्वारा अज्ञात सायकल सवार बदमाश के खिलाफ लूअ का मामला दर्ज किया गया है। बमदाश की सुरागशी के लिये पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटैज खंगाल रही है।

### कांगो- आत्मघाती धमाके के बाद अधिकारियों को और हमलों की आशंका, लगाया कर्फ्यू

**बेनी, कांगो।** पूर्वी कांगो में आत्मघाती धमाके के बाद और हिंसा की आशंका के मद्देनजर शाम को कर्फ्यू लगाने तथा नई सुरक्षा जांच चौकियां बनाने की घोषणा प्रशासन ने की है। इस आत्मघाती धमाके में पांच लोगों की मौत हो गई थी। बेनी के मेयर नारसिसे मुतेबा ने शहर के होटलों, गिरजाघरों और बार को आगाह किया कि उन्हें मेटल डिटेक्टर्स के साथ सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने की आवश्यकता है क्योंकि 'आतंकवादी' फिर से हमला कर सकते हैं। मुतेबा ने रविवार को कहा, 'हम लोगों से सतर्क रहने और उत्सवों के दौरान सार्वजनिक स्थानों से दूर रहने के लिए कह रहे हैं।' उत्तरी कीवु प्रांत के सैन्य गवर्नर ब्रिगेडियर जनरल सी. नीमा ने बताया कि शाम सात बजे से कर्फ्यू होगा तथा सड़कों पर और जांच चौकियां बनाई जाएंगी। अधिकारियों ने शुरुआत में बताया था कि आत्मघाती हमलावर समेत छह लोग मारे गए हैं लेकिन बाद में उन्होंने मृतकों की संख्या पांच कर दी। क्रिसमस पर इनबॉक्स रेस्त्रां के प्रवेश द्वार पर धमाके के बाद 13 अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। शनिवार को हुए इस खून-खराबे ने यह डर पैदा कर दिया है कि बेनी में इस्लामिक चरमपंथ ने पैर पसार लिए हैं। यह शहर एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के विद्रोहियों के हमलों से वर्षों तक पीड़ित रहा है जिनकी जड़े पड़ोसी देश युगांडा में हैं। अधिकारियों ने इन हमलों के लिए उन विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया है।

### ऑस्ट्रेलिया- न्यू साउथ वेल्स में कोरोना के नए वायरल 'ओमिक्रोन' से मौत का पहला मामला सामने आया

**सिडनी।** दुनिया में कोरोना के नए वेरिएंट के कहर के बीच ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स शहर में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट 'ओमिकोन' से पहली मौत की पुष्टि हुई है और कोविड-19 के छह हजार से अधिक नए मामले सामने आए। पश्चिमी सिडनी में 'ओमिक्रोन' से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका था, लेकिन उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ गंभीर परेशानियां थीं। वहीं, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश के सबसे अधिक आबादी वाले न्यू साउथ वेल्स में सोमवार को कोविड-19 के 6,324 नए मामले सामने आए। वहां, 524 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और 55 लोग गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सोमवार को न्यू साउथ वेल्स में कुछ नए नियम भी लागू किए गए। स्वास्थ्य मंत्री ब्रैड हैज़र्ड ने बताया कि राज्य सरकार कर्मचारियों की कमी के कारण संक्रमितों के सम्पर्क में आए स्वास्थ्य कर्मियों के लिए पृथक रहने की अनिवार्यता खत्म करने पर विचार कर रही है।

### अफगानिस्तान में महिलाओं को अकेले लंबी दूरी की यात्रा करने की इज़ाज़त नहीं

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाली महिलाओं को तब तक यातायात सुविधा प्रदान नहीं की जाए जब तक कि उनके साथ कोई करीबी पुरुष रिश्तेदार मौजूद न हो। शिष्टाचार से जुड़े मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइंस में सभी वाहन मालिकों से हिजाब पहनने वाली महिलाओं को ही बैठाने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता सादिक अकिफ मुहाजिर ने बताया कि 45 मील (72 किलोमीटर) से अधिक की यात्रा करने वाली महिलाओं के साथ उनके परिवार के सदस्य या फिर रिश्तेदार साथ नहीं है तो उन्हें यातायात की पेशकश नहीं की जानी चाहिए।

# टाइगर रिजर्व में 50 हजार से ज्यादा पर्यटक मनाएंगे नए साल का जश्न

**भोपाल।** मप्र के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित विभिन्न रिसोर्ट नए साल के जश्न के लिए बुक हो चुके हैं। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के आसपास बने महंगे रिसोर्ट में देशभर के लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचने भी लगे हैं। अकेले बांधवगढ़ के 75 से ज्यादा रिसोर्ट अगले 10 दिनों के लिए पूरी तरह से बुक है। खासतौर से दिसंबर के आखिरी तीन दिन तो किसी भी रिसोर्ट में कोई कमरा खाली नहीं है। यह स्थिति से बांधवगढ़ में नहीं बल्कि पेंच, कान्हा, सतपुड़ा, पन्ना और संजय धुबरी राष्ट्रीय उद्यानों में भी है। खास बात यह है कि भारी संख्या में आने वाली यह पर्यटक सिर्फ नए साल का जश्न ही मना पाएंगे। क्योंकि उनके पास सफारी के



लिए कोई बुकिंग नहीं है। हालांकि ज्यादातर पर्यटक सिर्फ नए साल का जश्न मनाने के उद्देश्य ही रिसॉर्ट पहुंच रहे हैं। कुछ पर्यटक ऐसे भी हैं जो रिसॉर्ट में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर ही नए साल का जश्न मनाना चाहते हैं। बिना बुकिंग के टाइगर रिजर्व में पहुंचने वाले यह पर्यटक इस सोच के साथ आते हैं कि यदि सफारी मिल गई तो कर लेंगे अन्यथा रिसोर्ट के कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट आएंगे।

### लोक कला का तड़का

नए साल के जश्न में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होटल संचालकों ने लोक कला के कार्यक्रमों का आयोजन सबसे ज्यादा कर रखा है सभी बड़े और महंगे रिसोर्ट में आदिवासी लोक कला के कार्यक्रम नए वर्ष के जश्न में होंगे। इसमें आदिवासी नृत्य और आदिवासी गायन शामिल है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आजीविका परियोजना के द्वारा भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करके पर्यटकों को आकर्षित किया गया है। आजीविका परियोजना के ताला स्थित केंद्र में तो फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है, जहां विंध्य के व्यंजन पर्यटकों को पर उसे जा रहे हैं।

### अंतिम 3 दिनों में 10 हजार से ज्यादा पर्यटक करेंगे बाघों के दीदार

भले ही मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में संचालित रिसोर्ट्स में 50 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं लेकिन टाइगर रिजर्व की सफारी सब नहीं कर पाएंगे। साल के अंतिम 3 दिनों में 29 30 और 31 दिसंबर को 10 हजार से ज्यादा पर्यटक प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों का दीदार करेंगे। इसके लिए सभी छह टाइगर रिजर्व में 1734 जिप्सी परमिट बुक हुए हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व में 3 दिन में 465 जिप्सी परमिट बुक हुए हैं।

### समाज को करने के लिए महिलाओं को शिक्षित होना अनिवार्य है: जिलाध्यक्ष

**शिवपुरी-** खबर ग्वालियर मुरार से आ रही है जहां कुशवाह मिलन समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा शिवपुरी जिला के जिला अध्यक्ष अवधेश कुशवाह जी ने बताया की किसी भी समाज को जागृत करने में महिलाओं को शिक्षित होने का सबसे बड़ा हाथ रहता है जब तक घर की महिलाएं शिक्षित नहीं होती तब तक समाज को बढ़ाना जागृत करना मुश्किल होता है मिलन समारोह में पधारे एडवोकेट बैजनाथ कुशवाहा जी ने महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए महिलाओं को शिक्षित करने का सुझाव समाज के लोगों को दिया।

# प्रदेश में 24 घंटे में बदलेगा मौसम

### हल्की बारिश-ओले गिर सकते हैं, रात-दिन में एक जैसी रहेगी ठंड

**भोपाल।** पाकिस्तान से आने वाली नमी भरी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में मौसम 24 घंटों में पूरी तरह बदल जाएगा। प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। राजस्थान के पास मुरैना में बूंदाबांदी शुरू हो गई है। बादल छाने से प्रदेशभर में रात का पारा ऊपर चढ़ गया है। यह सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस चला गया है। अभी दिन का तापमान सामान्य से और नीचे आ गया है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर में काफी बर्फबारी के कारण प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश के साथ छोटे ओले गिर सकते हैं। यह स्थिति 28 और 29 दिसंबर तक रहेगी। 30 दिसंबर से प्रदेशभर में कोहरा छा जाएगा। दिन का तापमान काफी नीचे आएगा। सोमवार को खजुराहो और ग्वालियर में कोहरा छाने से सुबह के समय दृश्यता 500 मीटर तक रह गई थी।



### इसलिए होगा मौसम में बदलाव

पाकिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवातीय घेरे के रूप में सक्रिय है। एक ट्रफ लाइन पश्चिमी मध्यप्रदेश से गुजर रही है। पाकिस्तान के दक्षिणी हिस्से में चक्रवातीय गतिविधियां अरब सागर के काफी पास है। इसी कारण बहुत ज्यादा नमी आ रही है। इसका असर ट्रफ लाइन में काफी अस्थिरता के साथ दिखाई देने लगा है।

### इस तरह असर दिखेगा

इसका असर प्रदेश कुछ जिलों में बूंदाबांदी के रूप में दिखाई देने लगा है। अब कई जगह ओले गिर सकते हैं। ग्वालियर और चंबल संभाग और नीमच, मंदसौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़ और विदिशों जिलों में आज से हल्की बारिश हो सकती है। भोपाल, सागर, होशंगाबाद, जबलपुर, रीवा और शहडोल में 28 दिसंबर से 29 दिसंबर तक हल्की बारिश के साथ कहीं-कहीं छोटे ओले गिरेंगे। 30 दिसंबर से कोहरा छाने लगेगा। दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को अच्छी ठंड रहेगी।

### रात का पारा 13 डिग्री के पार पहुंचा

बादल छाने के कारण रात का तापमान 13 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। सबसे ज्यादा होशंगाबाद और इंदौर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 7 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया है।

# 9 जनवरी 2022को मनायेगा राष्ट्र भक्त युवा संगठन अपना छटवां स्थापना दिवस समारोह



**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर** सामाजिक क्षेत्र मे सक्रिय रुप से कार्य करने वाला श्योपुर जिले का सामाजिक संगठन राष्ट्र भक्त युवा संगठन अपने स्थापना दिवस का छटवां स्थापना दिवस का मुख्य समापन एंव सम्मान समारोह 9 जनवरी 2022 को मनायेगा इसके साथ ही 5 दिवसीय कार्यक्रमों कि कार्यशाला आयोजित कि जायेगी जिसके तहत 01. 5जनवरी 2022 को श्योपूर नगर मे स्थापित महापुरुषों कि प्रतिमाओं पर साफ -सफाई करके स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

02. 6जनवरी 2022 को ग्राम सोंई कला मे रक्तदान शिविर लगाया जायेगा 03. 7जनवरी 2022 को जिला चिकित्सालय मे फल वितरण किया जायेगा 04. 8 जनवरी 2022 को वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जायेगा

इसके साथ ही 9जनवरी2022को को संगठन का मुख्य सम्मान एंव समापन समारोह मनाया जायेगा इस कार्य कि व्यवस्थाओ के लिये संगठन कि ओर से कार्यक्रमों का जिला प्रभारी नंदू मीणा बांडीखेडा तथा सह प्रभारी डाबरसा-पानडी सरपंच रामबलवान मीणा जी को बनाया गया है जिनके सहयोग एंव मार्गदर्शन मे यह कार्यक्रम समपन्न होंगे उक्त बैठक मे राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल, दिनेश साहू, संजय महाना,कमल राठौर,विष्णु शर्मा सोंई, दीनू मीणा परसावत, महावीर प्रजापति रिंगनी,राजकुमार शिवहरे सोंई,रोहित अग्रवाल, रवि जागा,गरजीत प्रजापति, प्रदीप वर्मा, हेमंत कोहली,गिर्राज मारु, कविता प्रजापति, हेमा शर्मा, लीला मित्तल, कोमल गौर आदि मौजूद थी।

## दिग्विजय सिंह सिंह ने गाय के मांस पर टिप्पणी कर अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित किया : ओ पी एस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने दिग्विजय सिंह के बयान पर किया पलटवार**



भिंड जिले के मेहगांव विधानसभा से विधायक प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कांग्रेसी नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के द्वारा गौ माता पर की गई मास की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रकार का बयान देकर सारे हिंदू समाज के साथ कुठाराघात कर अपनी ऊंची मानसिकता को प्रदर्शित किया राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस का हिंदू विरोधी चेहरा सामने आया है 7 हम जब गाय को अपनी माता मानते हैं जिसके शरीर में 36 करोड़ देवताओं का वास हो इस प्रकार की कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह के द्वारा की गाय का मांस खाने में कोई बुराई नहीं की बात अगर कहीं जाए तो इससे हमारा सारा हिंदू समाज को कठोर आघात किया है और हमारी गौ माता को अपमानित किया है जो व्यक्ति अपने घर में गौ माता की पूजा करते हैं गौ माता की सेवा करते हैं उनके बारे में अगर इस प्रकार की टिप्पणी कांग्रेस के नेता द्वारा की जाती है तो वह अत्यंत निंदनीय है राज्यमंत्री भदौरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आपसे ही नहीं हिंदुओं पर धर्म विरोधी, ध्यान देकर हिंदू विरोधी विचारधारा को अपनाते रहे हैं जिसे हिंदू समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने की खैरागढ़ विधानसभा से मानवेंद्र सिंह बाबा को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

खेरागढ़ चुनावी बिगुल बजते ही सामाजिक पार्टियों ने अपने अपने समाज के प्रत्याशियों की मांग उठना लाजमी है इसी संदर्भ में सैया स्थित अखिल भारतीय वीर गुर्जर सभा की मीटिंग हुई जिसमें सर्व समाज सामान्य द्वारा सर्व समाज के नेता कई वर्षों से लगातार ब्लॉक प्रमुख वह जिला पंचायत सदस्य रहे मानवेंद्र सिंह बाबा को समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा नरेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में की गई मीटिंग में जिला अध्यक्ष ने कहा खैरागढ़ से अगर मानवेंद्र सिंह बाबा को प्रत्याशी समाजवादी पार्टी बनाती है लाजमी तौर आगरा की कई सीटों पर समाजवादी पार्टी को सीधा फायदा मिलना लाजमी है जिसमें फतेहाबाद विधानसभा वह वहा विधानसभा मैं सबसे ज्यादा फायदा होने का अनुमान है वही पड़ोसी जिला फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में भी



फायदा मिलेगा वही मानवेंद्र सिंह बाबा की पहचान सैया ब्लॉक के अंदर विकास पुरुष से जानी जाती है उनके द्वारा हर ग्राम पंचायत स्तर पर धरातल पर कार्य किए गए जिनमें कई आर सी करंजी सड़कें पेयजल समस्या व शिक्षा के चित्र में कई महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत विकास कार्य कराए गए पूर्व ब्लाक प्रमुख का कहना है अगर पार्टी के लिए हमेशा से मैंने कार्य किया है अगर पार्टी मुझे उम्मीदवार बनाती है तो सबसे पहले जगनेर की पेयजल समस्या हो जो कि राजस्थान से सटीक इलाका है या शिक्षा सड़क स्वास्थ्य सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वह बेरोजगारी के लिए सरकार से कई अनुसंधान केंद्र रोजगार दिलाने का कार्य हम करेंगे इस मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रबल दावेदार समाजवादी पार्टी मानवेंद्र सिंह बाबा, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा नरेंद्र सिंह गुर्जर, प्रदेश महासचिव संतोष मावई, राष्ट्रीय प्रवक्ता भूपेंद्र सिंह कसाना, जिला महासचिव सचिन गुर्जर, जितेंद्र कसाना अध्यक्ष खैरागढ़ विधानसभा,रंजीत गुर्जर जिंदल कसाना नरेश गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी कई पंचायतों के प्रधान और पूर्व प्रधान सम्मिलित रहे वही प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह का कहना है जल्द ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी से मुलाकात कर मानवेंद्र सिंह बाबा को खैरागढ़ से प्रत्याशी बनाए जाने की उनके उनके समक्ष रखेंगे ।

# पन्द्रह लाख रूपये की फिरौती के लिये किये गये बच्चे के अपहरण काण्ड का खुलासा

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**


**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के सिरसौद थाना क्षेत्र की है जहाँ दिनांक 25.12.2021 को फरियादी दामोदर पुत्र रामजीलाल यादव उम्र 40 साल निवासी भावखेडी ने थाने आकर रिपोर्ट की कि मेरे भतीजे नरेन्द्र यादव का लड़का उम्र 06 साल निवासी भावखेडी का अपहरण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिन मे 03.00 बजे लगभग कर लिया है। कही कोई पता नही चला तब फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र.295/21 धारा 364 ए भादवि कायम कर विवेचना मे लिया फरियादी दामोदर ने अपनी रिपोर्ट मे ये भी लिखवाया था कि 04.26 बजे मेरे मोबाईल नम्बर 9109890780 पर फोन.न.9109032328 से फोन आया था बोल रहा था कि बच्चा हरिओम मेरे पास है। पैसे तैयार रखना , ज्यादा होशियारी नही करना इसके बाद फोन बन्द कर लिया। उक्त प्रकरण छोटे बच्चे का फिरौती वावत अपहरण का होने से प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिह चन्देल साहब व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया साहब एव श्रीमान एसडीओपी महोदय पोहरी श्री निरंजन सिह राजपूत साहब द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र की नाकाबंदी की और सभी अधिकारी व आस-पास के थाना प्रभारीगण व एडी टीम,सायबर टीम मौके पर आ गई । सभी लोगो ने मिलकर घेराबन्दी की तो घबराकर आरोपियो ने बच्चे को गाँव मे ही रोड पर छोड दिया बच्चे की दस्तयाबी पश्चात पूछताछ की गई तो उसने गाँव के एक व्यक्ति का नाम बताया जिसको गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैने व गाँव के ही एक मित्र ने दो माह पूर्व बच्चे को अगवा कर पन्द्रह लाख रूपये फिरौती माँगने की योजना बनाई थी किन्तु बच्चे को अगवा करने का मौका दिनाँक 25.12.2021 को मिल पाया । क्योकि अपहृत बच्चा अपने मित्र के साथ अक्सर मार मे खेलने आ जाता था जिसे हम लोग काफी दिन से देख रहे थे ,बच्चे को अगवा करने के बाद आरोपी ने उसे मार मे स्थित सरसों के खेत मे रखा था एवं आरोपियों ने बच्चे के परिजनो को फोन करने के लिए एक फर्जी सिम की व्यवस्था की हुई थी। इस अपहरण काँड मे उक्त दोनो आरोपियो के अलावा एक आरोपी और सम्मिलित था जो गाँव मे रहकर गाँव मे होने वाली हर हरकत की सूचना मोबाईल के द्वारा इन तक पहुचा रहा था पुलिस ने इन तीनो आरोपियो को गिरफ्तार कर माननी. न्यायालय पेश किया है ।

## इजरायल के मुस्लिम शासकों के गलत आचरण के कारण ही फैला ओमिक्रॉन

**लंदन।** फिलिस्तीन के इस्लामिक इमाम शेख इस्साम अमीरा ने कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इजरायल के मुस्लिम शासकों के गलत आचरण के कारण ही कोरोना अलग-अलग रूपों में फैल रहा है।यरुशलम के अल-अक्सा मस्जिद में संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि शासक समलैंगिकता की अनुमति देते हैं,वहीं नारीवादी संगठनों का पालन करते हैं, इसलिए कोरोना अपने %भारतीय संस्करण% और ओमिक्रॉन रूप में पूरी दुनिया में फैल गया है।अमीरा ने भारत में सबसे पहले डिटेक्ट हुए कोविड वैरिएंट डेल्टा को भारतीय वैरिएंट कहकर संबोधित किया है। वीडियो में साफ दिख रहा हैं, अमीरा लोगों के बीच खड़े होकर मुस्लिम शासकों और मीडिया पर निशाना साध रहे हैं।वहां मीडिया को काफिर बताकर लोगों से कह रहे हैं कि जिन शासकों के कारण ये विपत्ति आई है, उनके खिलाफ सभी मुसलमानों को एकजुट होना चाहिए। अमीरा कह रहे हैं, यह घृणा क्यों फैली है? कोरोना ,अपने भारतीय संस्करण और ओमिक्रॉन वैरिएंट के साथ क्यों फैल गया है? ये कौन से नाम हैं, ये रोग, जो हमारे पूर्वजों को नहीं पता थे? इसका कारण साफ है। अनैतिकता लोगों के बीच इस हद तक कभी नहीं फैली कि वहां सभी को बताते चलें।फिर ये सभी बातें किसने फैलाई? आम लोग ने? नहीं, ये काफिर और लाइसेंसी मीडिया का काम है, जो ये बातें सभी को बताता है। उन्होंने मुस्लिम शासकों पर निशाना साधकर कहा, ये हमारे उन शासकों के कारण फैला है, जो समलैंगिकता को अनुमति देकर बढ़ावा देते हैं।

# तानसेन समारोहः सर्द मौसम में मीठी-मीठी रागिनी

## राग मनीषियों के गायन-वादन से रसिक हुए मंत्रमुग्ध





ग्वालियर। संगीत शिरोमणि तानसेन की याद में आयोजित हो रहे 97वें ÷तानसेन समारोह में सोमवार की सुबह से ही हल्की-हल्की सर्द हवा चल रही थी। राग-मनीषियों ने जब मीठी-मीठी राग-रागनियाँ छेड़ीं तो रसिक सर्दी का अहसास ही भूल गए। भारतीय शास्त्रीय संगीत के इस सर्वाधिक प्रतिष्ठित पाँच दिनी महोत्सव के दूसरे दिन की प्रातःकालीन सभा में एक से बड़कर एक प्रस्तुतियाँ हुईं। तानसेन समाधि परिसर में सिद्धेश्वर मंदिर ओंकारेश्वर की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच से नाद ब्रम्ह के सीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित कर रहे हैं।

तानसेन समारोह के दूसरे दिन की प्रातः कालीन सभा का आगाड़ राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्व विद्यालय के आचार्यों व विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ध्रुपद गायन के साथ हुआ। राग अहीर भैरव में विलंबित ध्रुपद रचना के बोल थे एक दंत लंबोदर मुसिक वाहन सिद्ध सदन गिरिजा सुत गणेश। इसके बाद राग बैरागी और सूल ताल में ध्रुपद डम डम डमरू बाजे की प्रस्तुति दी। पखावज पर श्री जयंत गायकवाड़ और तबला पर श्री विनय राठौर द्वारा संगत की गई।

### बांसुरी और तबले की जुगलबंदी में झरे मीठे-मीठे सुर.....

मुंबई से पधारे श्री तेजस विंचुरकर एवं मिताली खरगोणकर द्वारा राग विभास में अलापचारी के साथ बाँसुरी व तबले की जुगलबंदी में जब मीठे-मीठे सुर झरे तो रसिक उसके माधुर्य में गोते लगाते नड़र आए। उन्होंने विलंबित ताल रूपक में गत व द्रुत तीन ताल में एक गत की मनोहारी प्रस्तुति दी। पहाड़ी राग में एक मधुर धुन निकालकर अपने वादन को विराम दिया। सिलसिलेवार बड़त व रूपकारी युक्त बाँसुरी व तबले की जुगलबंदी ने रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### आज कैसी धूम मची बृज में.....

तानसेन समारोह के दूसरे दिन प्रातःकालीन सभा में दूसरे कलाकार के रूप में इंदौर से पधारे श्री मनोज सर्राड़ का ध्रुपद गायन हुआ। उन्होंने नोम तोम के आलाप से शुरू करके राग चारुकेशी में दो बंदिशें पेश की । धमार में पहली बंदिश के बोल थे आज कैसी धूम मची बृज में। इसके बाद सूलताल में दूसरी बंदिश पेश की जिसके बोल थे बांके बनबारी। उन्होंने रागदारी की बारीकियों के साथ दोनों ही बंदिशों को पूरे कौशल से गाया। उनके साथ श्री संजय पंत आगले ने पखावज पर संगत की।

### संजय गरुड़ ने तानसेन की धरती पर जीवंत की घरानेदार गायकी...

दोपहर के राग शुद्ध सारंग में श्री संजय गरुड़ ने एक ताल में विलंबित बड़ा ख्याल हे मानत नाहिं पिया... का जब अपनी खुली और खनकदार आवाज में सुमधुर गायन किया तो गान मनीषी तानसेन की धरती घरानेदार गायकी जीवंत हो गई। पुणे से पधारे श्री गरुड़ के गायन में मूर्धन्य गायक स्व भीमसेन जोशी और किराना घराने की बारीकियाँ साफ झलक रहीं थीं। उनके गायन से श्रोता पुरानी यादों में खो गए। उन्होंने सुरीली तान और सुंदर अलापचारी के साथ तीन ताल में निबद्ध छोटा ख्याल अब मोरी बात मान ले.. प्रस्तुत कर संगीत रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गरुड़ जी ने किरवानी में सजनवा तुम क्या जानो पीर ठुमरी सुनाकर रसिकों को विरह रस में डुबोया तो भीमसेन जोशी का प्रसिद्ध भजन बाजे मुरलिया बाजे.. सुनाकर कृष्ण और गोपियों के निश्छल प्रेम का अहसास कराया। इसी के साथ उन्होंने अपने गायन को विराम दिया। उनके गायन में श्री अनिल मोघे ने तबले पर और श्री जितेन्द्र शर्मा ने हारमोनियम पर नफासत भरी संगत की। तानसेन समारोह के दूसरे दिन प्रातःकालीन सभा में तीसरे कलाकार के रूप में संजय गरुड़ की प्रस्तुति हुई।

### राग जौनपुरी में सारंगी वादन सुन झूमे रसिक..

तानसेन समारोह में सोमवार की प्रातःकालीन सभा का समापन सुविख्यात सारंगी वादक पं भारत भूषण गोस्वामी के सारंगी वादन से हुआ। सारंगी वादन से झरी मिठास से रसिक सराबोर हो गए। नई दिल्ली से पधारे पं भारत भूषण जी ने राग जौनपुरी में सारंगी वादन किया। यह राग अत्यंत मधुर और लोकप्रिय राग है। पंडित जी ने इस राग में विलंबित गत एक ताल में और द्रुत लय तीन ताल में प्रस्तुत की। इसके बाद मिश्र भैरवी में बनारस घराने की ठुमरी व दादरा की मधुर धुन निकाली। पं भारत भूषण जी ने अपने सारंगी वादन में बड़ी निपुणता के साथ राग विस्तार तो किया ही, साथ ही तान की बारीकियों को बहुत ही सुरीले अंदाज में पेश कर समा बांध दिया।इनके साथ तबले पर उस्ताद सलीम अल्लाहवाले ने कमाल की संगत की।

## प्रख्यात गायक पं. अभय नारायण मलिक, पं व्यंकटेश कुमार एवं सुविख्यात शास्त्रीय गायिका सुश्री अश्विनी भिड़े राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से अलंकृत



ग्वालियर। संगीत की नगरी ग्वालियर में आयोजित हो रहे विश्व संगीत समागम ÷तानसेन समारोह%% में पिछले वर्षों के कालिदास अलंकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं। समारोह के दूसरे दिन अर्थात सोमवार की सायंकालीन सभा में तीन मूर्धन्य संगीतज्ञों को कालीदास अलंकरण से विभूषित किया गया। दरभंगा घराने के प्रख्यात ध्रुपद गायक पं. अभय नारायण मलिक नईदिल्ली को वर्ष 2019 के कालिदास अलंकरण से विभूषित किया गया। सभांग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं उस्ताद अलाउद्दीन खा संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक श्री जयंत भिसे ने पं मलिक को कालिदास अलंकरण प्रदान किया। इनके अलावा शास्त्रीय संगीत के सुविख्यात पं व्यंकटेश कुमार को वर्ष- 2017 एवं जयपुर - अतरौली घराने की शास्त्रीय संगीत की सुविख्यात गायिका विदुषी सुश्री अश्विनी भि? देशपाण्डे मुम्बई को वर्ष 2016 के कालिदास सम्मान से अलंकृत किया गया। दोनों ही विभूतियां कतिपय कारणों से ये सम्मान ग्रहण करने नहीं आ सकीं सो उन्हीं के आग्रह पर प्रख्यात कलाविद एवं कला समीक्षक श्री शशि व्यास ने ये सम्मान ग्रहण किया। सम्मान स्वरूप तीनो कलाकारों को दो - दो लाख की आयकर मुक्त राशि शॉल एवं श्रीफल प्रदान किये गए। इस अवसर पर उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के सहायक निदेशक राहुल रस्तोगी भी उपस्थित थे। यहाँ हजीरा स्थित संगीत सम्राट तानसेन समाधि के समीप सिद्धेश्वर मंदिर ओंकारेश्वर की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर सोमवार की सांध्यबेला में आयोजित हुई संगीत सभा में इन तीनों विभूतियों को कालिदास सम्मान प्रदान किए गए।

## शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नौकरी पाने का सुनहरा मौका

**रोजगार कार्यालय में 29 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव**

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के तहत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा यशस्वी अकादमी फॉर टैलेन्ट मैनेजमेंट (पीपीपी) के सहयोग से शहरी क्षेत्र के आवेदकों के लिये 29 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस दिन यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से गोले का मंदिर - मुरैना लिंक रोड पर गदाईपुरा स्थित रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में पाँचवी कक्षा से लेकर बीई सिविल, डिप्लोमा सिविल, एमएससी, बीएससी व अन्य विषयों के स्नातक योग्यताधारी युवक-युवतियों के लिये नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। चयनित युवाओं को विभिन्न पदों के अनुसार 8 हजार से लेकर 40 हजार रूपए तक का वेतन मिलेगा। उपसंचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्लेसमेंट ड्राइव में 7 कंपनियां बेरोजगार युवाओं को नौकरी के लिए चयनित करने आ रही हैं। भारत-पे कंपनी द्वारा फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव, एयरटेल द्वारा टीम लीडर, यूरेका फोर्ब्स व टाटा स्काई द्वारा सेल्स मार्केटिंग, अमेजन द्वारा फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव व अकाउण्ड ओपनिंग, सिनेटस लेबोरेटीज इंडिया प्रा.लि. द्वारा लैब टेक्नीशियन व रिशेप्सनिस्ट, ईगल सिक्यूरिटी सर्विसेज द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर व हैल्पर और फास्ट डायल कंपनी द्वारा एक्जीक्यूटिव के पदों की भर्ती की जायेगी।

## पर्यावरण प्रेमियों ने जॉगिंग के साथ चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**रास्ते के पॉलीथीन व कचरा उठाने के लिए स्वयं श्रमदान कर अन्य नागरिकों को भी किया प्रोत्साहित**

ग्वालियर। शहर को साफ, स्वच्छ और हरा भरा करने के लिए एवं आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्वालियर के पर्यावरण प्रेमियों ने एक अनोखा अभियान प्रारंभ किया है जिसके तहत पर्यावरण प्रेमी सुबह की जॉगिंग के साथ ही पर्यावरण को भी स्वच्छ करेंगे। अभियान के तहत आज पर्यावरण प्रेमियों ने जिला उद्योग केंद्र के सामने एवं ग्वालियर चंबल टेनिस एसोसिएशन( टेनिस क्लब) सिटी सेंटर, के पास श्रमदान श्रमदान कर पॉलिथीन एवं कचरा एकत्रित किया तथा वहां से निकलने वाले लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

## नगर निगम द्वारा संचालित म्यूजियम का होगा विकास , नए स्वरूप में तैयार होगा म्यूजियमः प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग



ग्वालियर। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला ने आज ग्वालियर प्रवास के दौरान नगर निगम द्वारा संचालित म्यूजियम का निरीक्षण किया तथा उन्होंने कहा कि यह बहुत ही समृद्ध शाली विरासत को लिए हुए म्यूजियम है, इसे अत्याधिक प्रचार प्रसार एवं नए स्वरूप में प्रदर्शित करने की आवश्यकता है, जिसके लिए मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग की ओर से इसे अत्याधुनिक एवं विकसित बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने निगम संग्रहालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि इसके इनोवेटिव आइडिया को हम एक्सचेंज करेंगे एवं बाहर की एजेंसियों के माध्यम से इसे कॉलेवरेशन कराएंगे। इसके साथ ही म्यूजियम के स्वरूप को संरक्षित करते हुए और अधिक विकसित कर इसका प्रचार प्रसार कराने में शासन पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि इस वैभवशाली म्यूजियम की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को हो तथा इसको अत्याधुनिक तरीके से संरक्षित किया जाए इसके लिए विशेषज्ञों के माध्यम से विस्तृत प्रस्ताव तैयार कराएं, मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर निगम के इस अद्भुत संग्रहालय को अत्यधिक प्रचारित किया जाएगा तथा इसकी हेरिटेज बिल्डिंग का भी रखरखाव किया जाना आवश्यक है।

**धनक एवं रंगकार अनुगूँज कार्यक्रम का आयोजन आज**

## सांसद श्री शेजवलकर होंगे मुख्य अतिथि

ग्वालियर। स्कूल शिक्षा विभाग का अभिनव कार्यक्रम ÷अनुगूँज-2021÷ का आयोजन 28 दिसम्बर को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में किया जायेगा। कार्यक्र के मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जायेगा। संयुक्त संचालक शिक्षा श्री राजीव कृष्ण उपाध्याय एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री विवेक जोशी ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शासकीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगीं। जिसमें गायन, वादन, नाटक, नृत्य शामिल हैं। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में 15 शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ अपनी प्रस्तुति देंगे। स्कूल शिक्षा में रचनात्मक प्रोत्साहन की पहल के तहत अनुगूँज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अनुगूँज कार्यक्रम के तहत प्रस्तुत गायन का निर्देशन मोहम्मद अहमद खान, अली अहमद खान करेंगे। भरतनाट्यम एवं मोहिनीअट्टम की प्रस्तुति का निर्देशन श्रीमती पद्मा शंकर करेंगीं। कत्थक की प्रस्तुति का निर्देशन डॉ. सुश्री अंजना झा करेंगीं। नारी सशक्तिकरण पर प्रस्तुत भरतनाट्यम का निर्देशन श्रीमती पद्मजा शंकर करेंगीं। इसके साथ ही मणिपुरी नृत्य फ्यूजन का निर्देशन श्री महाराज कुमार होजाईन गम्बा सिंह करेंगे। कार्यक्रम में वादन का निर्देशन सहायक प्राध्यापक श्री विनय बिन्दे और नाटक का निर्देशन श्री विवेक नामदेव करेंगे।

### 28 दिसम्बर को भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ होंगीं

ग्वालियर। तानसेन समारोह के तहत 28 दिसम्बर को हर दिन की तरह दो संगीत सभायें सजेंगीं। यहाँ हजीरा स्थित तानसेन समाधि परिसर में सिद्धेश्वर मंदिर ओंकारेश्वर की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर बैठकर देश के सुप्रतिष्ठित संगीत कलाकार अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंगलवार 28 दिसम्बर को प्रातःकालीन सभा में विश्व संगीत के तहत श्री मार्टिन डबास फ्रांस की प्रस्तुति, सुश्री तृप्ति कुलकर्णी इंदौर का गायन, सुश्री सुधा रघुरामन दिल्ली का कर्नाटक संगीत, श्री राहुल व श्री रोहित मिश्रा वाराणसी का युगल गायन और मैहर वाद्यवृंद का वृंद वादन होगा। इस सभा के आरंभ में भारतीय संगीत महाविद्यालय ग्वालियर की ध्रुपद प्रस्तुति होगी। इस दिन की सायंकालीन सभा में पं. सुरेश तलवलकर पुणे का तबला वादन, विश्व संगीत के तहत अल्मुडेना डियाज एवं ए-लानोस स्पेन की प्रस्तुति, सुश्री शाश्वती मण्डल दिल्ली का गायन, सुश्री देवोप्रिया एवं सुचिस्मिता मुम्बई का बांसुरी युगल वादन एवं श्री प्रसाद खापर्डे नासिक का गायन होगा। इस सभा की शुरूआत तानसेन संगीत महाविद्यालय के ध्रुपद गायन से होगी।






## अधिकारी स्वच्छता के प्रति पूर्ण मेहनत से करें कार्यः संभागायुक्त

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत विभिन्न कार्यों के लिए समितियों को सौंपे दायित्व**



ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने आज स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के संबंध में बैठक लेकर स्वच्छता एवं जनसहभागिता के विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां संबंधित अधिकारियों एवं अधिकारियों द्वारा बनाई गई कमेटियों को सौंपी। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाल भवन में आयोजित बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत निर्धारित किए गए बिंदु सेवा स्तर प्रगति के लिए बनाई गई समिति के अध्यक्ष अपर आयुक्त श्री संजय मेहता रहेंगे। जिसमें सदस्यगण श्री श्रीकांत कांटे, श्री शैलेंद्र सक्सेना, श्री पवन शर्मा एवं श्री अमित गुप्ता रहेंगे। इसके कुल 3000 अंक रहेंगे। जिसके लिए उक्त समिति को पूर्ण कार्यवाही करनी है। इसके साथ ही नागरिक प्रथम प्रतिक्रिया के तहत जनता का जुड़ाव, अनुभव स्वच्छता एप महामारी में प्रतिक्रिया एवं नवाचार के लिए बनाई गई समिति में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। जिसमें सदस्यगण श्री मधु सोलापुरकर, श्री केशव चौहान, श्री नागेंद्र सक्सेना, श्री गौरव परिहार, श्री संदीप शर्मा एवं श्री जितेंद्र राठौर को सदस्य बनाया गया है। इसमें 2250 अंक रहेंगे। इसके साथ ही प्रमाणन समिति बनाई गई है जिसमें कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग ओडीएफ प्लस ओडीएफ प्लस प्लस वाटर प्लस कुल 2250 अंक रहेंगे। इसके लिए समिति के अध्यक्ष अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, समिति सदस्य श्री जेपी पारा, श्री प्रेम कुमार पचौरी, श्री शिशिर श्रीवास्तव एवं श्री वैभव श्रीवास्तव बनाए गए हैं।

## स्व. विटवेकर जी एक अच्छे समाजसेवक थे : सोलंकी



ग्वाल्यिर । स्व. वसंतराव विटवेकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन सादगी से जिया और जीवन पर्यंत मजदूर दल्ति गरीबों की चिंता करते रहे, गरीब और दल्ति वर्ग के बच्चे शिक्षित हो इस दिशा में उन्होंने सार्थक प्रयास किया, इस हेतु स्व. विटवेकर जी ने भगिनी निवेदिता स्कूल की स्थापना की। उक्त उद्‌गार सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राजेश सोल्ंकी ने स्व. वसंत राव विटवेकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

श्री सोल्ंकी ने बताया कि स्व. विटवेकर जी एक अच्छे समाजसेवक व जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उनके पार्षद बनने के बाद भी एक जनप्रतिनिधि का क्या महत्व होता है इस महत्व को उन्होंने बताया। उन्होंने का कि आज भारतीय जनता पार्टी का जो वटवृक्ष रूप हमको दिख रहा है तो उसमें यह कहना सही होगा कि वे नीम के पत्थर थे। उन्होंने अनेक कार्यकर्ताओं को गढ़ा, अनेक कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जो आज एक बड़े कार्यकर्ता या नेता के रूप में पार्टी में स्थापित है।

इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी संघ के राष्ट्रीय सचिव श्री मदन बाथम भारतीय जनता पार्टी के अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रयाग सिंह तोमर ने की।

इस अवसर पर राजकुमार परमार, नवीन यदुवंशी, बंटी निगम, भानु श्रुति लाल सिंह पाल, सुनील गोस्वामी, नवल, परशुराम गुर्जर, जागेश्वर सिंह भदोरिया, कैलाश परमार, बृजेश राठौर, मान सिंह जादौन, जगत सिंह कौरव, मनीष शर्मा, सतीश खटीक, हरेंद्र जाट, वीर सिंह यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**स्व. अटल जी की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा का गुड गवर्नर्स कार्यक्रम आज**

ग्वाल्यिर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ग्वाल्यिर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में कल 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे चेतकपुरी गेट के सामने स्थित बंधन गार्डन में गुड गवर्नर्स अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से ग्वाल्यिर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवल्कर, महाराष्ट्र के सह प्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया, केबिनेट मंत्री श्रीमंत यशोधराराजे सिंधिया, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह जी, पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोल्यिा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्रीमती सुप्रीत कौर, भाजपा उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह एवं भाजपा ग्वाल्यिर महानगर अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478